श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 239, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 25 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

क्रियायोग हं क्ष

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# पीएम मोदी थे पीएफआई के निशाने पर

## केरल में बनी प्लानिंग: कोर्ट में ईडी बोली - बिहार में मारने की साजिश थी, ट्रेनिंग कैंप भी लगाए गए

**तिरुवनंतपुरमः पॉपुलर फ्रंट ऑफ** इंडिया (पीएफआई) के 15 राज्यों के 93 ठिकानों पर 22 सितंबर को एनआईए-ईडी ने ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत छापेमारी की थी। अब इस मामले में जांच एजेंसी ने बड़ा दावा किया है। कोझिकोड से गिरफ्तार पीएफआई वर्कर शफीक पायथे के रिमांड नोट में ईडी ने कहा- पटना में 12 जुलाई को प्रधानमंत्री की रैली में हमले की साजिश की गई थी, जिसके फंडिंग में शफीक पायथे भी शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक जांच एजेंसी ने कहा संगठन ने उन पर हमला करने के लिए बकायदा एक ट्रेनिंग कैंप भी लगाया था, जिससे 2013 जैसी घटना को अंजाम दिया जा सके। अक्टूबर 2013 में पटना गांधी मैदान में तत्कालीन भाजपा के स्टार प्रचारक नरेंद्र मोदी की रैली में सिलसिलेवार बम ब्लास्ट हुए थे।

**युवाओं को आतंकी बनने के लिए उकसाया, इस्लामिक राष्ट्र बनाना लक्ष्यः** ईडी ने कहा कि पीएफआई को खाड़ी देश से फंडिंग होती है। सभी पैसे हवाला के जरिए आता है। हमने इस साल पीएफआई के 120 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। पायथे ने भी 40 लाख रुपए कतर से ट्रांसफर किए थे, जो गैर-कानूनी तरीके से भेजा गया था। वहीं कोच्चि में एनआईए की ओर से दाखिल एफिडेविट में कहा गया है कि इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए पीएफआई ने युवाओं को लश्कर और आईएसआई जैसे आतंकी संगठन जॉइन करने के लिए प्रोत्साहित किया।





**'10% मुस्लिम भी साथ दें तो कायरों को घुटनों पर ला देंगे'**

छापे के बाद पकड़े गए लोगों के पास से मिले दस्तावेज के मुताबिक संगठन का टारगेट हिन्दुस्तान की सत्ता हांसिल करना है। इसमें लिखा मिला कि 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मना रहा होगा, तब तक भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाना है। इस दस्तावेज में ये भी लिखा है कि 10% मुस्लिम भी साथ दें, तो कायरों को घुटनों पर ला देंगे।

**पीएफआई ट्रेनिंग कैंप लगाता है, आपराधिक साजिश में भी शामिल**

एजेंसी ने कोर्ट में कहा कि हवाला के जरिए पैसे जुटाकर पीएफआई के सदस्य ट्रेनिंग कैंप लगाते हैं। साथ ही इनके मेंबर्स देशभर में कई आपराधिक साजिशों में शामिल रहे हैं। अप्रैल से ही इसकी जांच चल रही थी। सीएए कानून और हाथरस जैसी घटनाओं में भी सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने में इन संगठनों का हाथ रहा है।

### फुलवारी शरीफ का टेरर मॉडल क्या था

**मोदी** की रैली के दौरान पटना पुलिस ने फुलवारी शरीफ से 3 आतंकी को गिरफ्तार किया था। ये सभी प्रधानमंत्री की रैली पर हमले की साजिश रच रहे थे। इन आतंकियों के पास से 7 पन्नों का एक दस्तावेज बरामद हुआ था, जिसके कवर पर 2047 लिखा था। आतंकियों ने 2047 तक भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने का मिशन रखा था।

मुख्य आरोपी अतहर ने बताया कि उन लोगों ने ट्रेनिंग कैंप भी लगाया था, जिसमें 26 लोग शामिल थे। मामले का लिंक पीएफआई से जुड़ा, जिसके बाद एनआईए ने बिहार में छापेमारी की थी।

एनआईए के सूत्रों ने बताया- ये पीएफआई नेता, कैडर आतंकवाद और आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसे, हथियार चलाने के ट्रेनिंग देने वाले लोग हैं। ये लोगों को प्रतिबंधित संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने का काम करते थे।

## हिमाचल प्रदेश किसान-बागवानों का राज्य: मोदी

**मंडीः** हिमाचल न आने का मलाल है। यह प्रदेश युवा शक्ति व जनता का प्यार है कि वह भारी बारिश में कुर्सियों का छाता बनाकर खड़े हैं। छोटी काशी मंडी में हो रहा आयोजन युवाओं के जोश का प्रतीक है। दुनिया में भारत की साख जैसे बढ़ रही है, वैसे दुनिया हमसे जुडने के लिए उत्सुक है। दिल्ली से वर्चुअल के माध्यम से मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में उपस्थित लाखों युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि कुल्लू शॉल, चंबा चप्पल को जीआई टैग मिला है। विश्व में इन उत्पादों ने अपनी जगह बनाई है। जब भी विदेशी दौरा होता है तो हिमाचल के उत्पाद उपहार में देता हूं ताकि उन्हें बता सकूं कि किस प्रकार मैं हिमाचल से जुड़ा हूं। उन्होंने कहा कि हिमाचल को वैश्विक फार्मा हब बनाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश किसान-




बागवानों का राज्य है, इसको केंद्र की नीतियों से बल मिल रहा है, युवाओं को रोजगार मिल रहा है। केंद्र सरकार ने नेशनल हाईवे के लिए सात गुना राशि दी है। प्रदेश में विकास हो रहा है। केंद्रीय बजट में पहाड़ी क्षेत्रों में रोपवे को बढ़ावा दे रहे हैं। सरकार ने युवाओं के लिए कई नीतियां बनाई हैं। हिमाचल उन प्रदेशों में है जिसने ड्रोन नीति बनाई है। ड्रोन नीति से कई सुविधाएं मिलेगी तथा युवाओं को इसमें प्रशिक्षित किया जाएगा जो वर्तमान समय और भविष्य के लिए एक विकसित हिमाचल का परिचायक होगा। देश की अगवानी करने के लिए जयराम ठाकुर बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि मिली-जुली सरकारों से देश को नुकसान होता है। राज्य में विकास के लिए स्थिर सरकार जरूरी है। हिमाचल का विकास भाजपा ही कर सकती है। केंद्र सरकार ने हिमाचल के सिरमौर स्थित हाटी समुदाय को एसटी का दर्जा दिया है। इस क्षेत्र के लोगों की दशकों से चली आ रही मांग को भाजपा सरकार ने पूरा करके दिखाया है।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर का एम्स बनकर तैयार हो गया है। मोहाली में हाल ही में शुरू किए गए कैंसर अस्पताल का हिमाचल को सबसे ज्यादा लाभ होगा। हिमाचल के लोगों का जोश, उमंग, उत्साह यूं ही बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं पर भरोसा करती है और युवाओं के बलबूते पर विकसित राष्ट्र का निर्माण हो रहा है।

### कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्लीः** कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह प्रोसेस 30 सितंबर तक चलेगी। 1 अक्टूबर को नॉमिनेशन की जांच की जाएगी और उसी दिन वैलिड कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की जाएगी। उम्मीदवारी वापस लेने के लिए आखिरी तारीख 8 अक्टूबर है। अगर एक से अधिक कांग्रेस नेता ने नामांकन दाखिल किया तो 17 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 19 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के लिए आखिरी बार साल 2000 में चुनाव हुआ था।

## पीएफआई ने देश विरोधी नारे लगाए



**पुणेः देश** भर में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) कार्यालयों पर छापेमारी के बाद इस संगठन के समर्थक जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच महाराष्ट्र के पुणे में शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए गए। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहना है कि छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि पर राष्ट्र-विरोधी नारे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे जानकारी के मुताबिक, एनआईए की टीम ने महाराष्ट्र के पुणे में पीएपआई के ऑफिस पर छापेमारी की। इस दौरान पीएपआई समर्थक कलेक्टर ऑफिस पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान वहां मौजूद कुछ कार्यकर्ता देश विरोधी नारे लगाने लगे। पुणे में विरोध प्रदर्शन के कुछ वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें कुछ लोग 'अल्लाह हू अकबर' के साथ ही 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही बिना अनुमति प्रदर्शन करते के आरोप में 60-70 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

इसके अलावा मुख्य आरोपी की पहचान कर ली गई है, जिसका नाम रियाज सैय्यद बताया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि पर राष्ट्र-विरोधी नारे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने ट्वीट किया- पुणे में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। पुलिस निश्चित रूप से उचित कार्रवाई करेगी, लेकिन शिवाजी की भूमि पर इस तरह के नारे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## बिहार में खुली सीमा चुनौती: अमित शाह

**पटनाः अपने** बिहार दौरे के दूसरे दिन शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इंडो-नेपाल बॉर्डर के फतेहपुर एसएसबी कैंप पहुंचे। यहां उन्होंने जवानों संबोधित करते हुए झारखंड के बूढा पहाड़ और बिहार के भीमबांध को नक्सल मुक्त बनाने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खुली सीमा पर ड्यूटी करना आसान नहीं होता। शाह ने कहा कि एसएसबी के जवानों की वजह से ही आज नक्सलवाद खत्म होने कगार पर है। गृहमंत्री ने जवानों के साथ ही लंच किया। उन्होंने एसएसबी कैपों में फतेहपुर का दौरा और फतेहपुर, पेकटोला, बेरिया, आमगाछी और रानीगंज इडढ भवनों का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने बीएसएफ अफसरों के साथ सीमा सुरक्षा पर बैठक की। एसएसबी बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवानों के साथ बैठक करने के बाद वे दोबारा किशनगंज पहुंचे। वहां उन्होंने पूर्णिया प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल व अन्य सभी वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। किशनगंज में बैठक के बाद वे चुनापुर हवाई अड्डा गए ।

### रिसॉर्ट पर प्रशासन का बुलडोजर चला, फिर लोगों ने आग लगाई; भाजपा ने पिता-भाई को निकाला

## अंकिता मर्डर केस: पूर्व मंत्री के बेटे पर एक्शन

**ऋषिकेशः** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में अंकिता भंडारी मर्डर केस में लोगों का विरोध जारी है। शनिवार सुबह नहर से मिले अंकिता के शव का शनिवार को ऋषिकेश एम्स में पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान अस्पताल के बाहर भारी भीड़ जमा थी। हत्या का आरोप राज्य के पूर्व मंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित पर है। 19 साल की अंकिता उसके रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। प्रशासन ने शुक्रवार रात को पुलकित के रिसॉर्ट को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। शनिवार को गुस्साए लोगों ने उसमें



आग लगा दी। इस घटना के बाद भाजपा ने शनिवार को पुलकित के पिता विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया। वे भाजपा नेता और उत्तराखंड सरकार में मंत्री रह चुके हैं। आर्य भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और यूपी के सह प्रभारी भी थे। पुलकित के भाई अंकित आर्य को भी उत्तराखंड ओबीसी कल्याण आयोग के उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा मिला हुआ था। घटना से नाराज लोगों ने स्थानीय भाजपा विधायक रेणु बिष्ट की गाड़ी के कांच फोड़ दिए।

**रिसॉर्ट में अनैतिक गतिविधियों पर झगड़े के बाद हत्याः** पुलिस ने एफआईआर में दर्ज किया है कि अंकिता भंडारी अंकिता 17-18 सितंबर से गायब थी।

### तीसरे मोर्चे के लिए 10 राज्यों के बीजेपी विरोधी नेताओं को न्यौता; बिहार सीएम नीतीश पर सबकी नजर

## इनेलो की 'सम्मान दिवस रैली' आज

**हिसारः** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 109वीं जयंती पर 25 सितंबर यानी कल फतेहाबाद में 'सम्मान दिवस रैली' हो रही है। हरियाणा में एकमात्र विधायक पर सिमटी हुई इनेलो इस रैली से तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को जोर दे रही है। जिसके लिए देश के 10 बड़े राज्य के भाजपा विरोधी नेताओं को रैली का निमंत्रण दिया है। ताऊ देवीलाल की 109 वीं जयंती पर अबकी बार सबसे प्रमुख नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं।

**नीतीश को रिसीव करने एयरपोर्ट जाएंगे ओपी चौटालाः** नीतीश 2016 के बाद अब ताऊ देवीलाल की जयंती में शामिल होने आ



रहे हैं। नीतीश कुमार के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें रिसीव करने के लिए खुद ओपी चौटाला सिरसा एयरफोर्स स्टेशन जाएंगे। नीतीश कुमार के साथ बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे। वे अभय सिंह सिरसा स्थित निवास पर नाश्ता करेंगे। जबकि बाकी नेता फतेहाबाद में हेलीकॉप्टर से आएंगे।

**भाजपा के साथ गठबंधन के चलते नहीं आए थे नीतीशः** नीतीश कुमार को 2021 में भी ताऊ देवीलाल की जयंती रैली में आने का निमंत्रण दिया गया था। उस वक्त बिहार में जनता दल और भाजपा के गठबंधन की सरकार थी। हरियाणा में भाजपा की सरकार है। ऐसे में तीसरे मोर्चे की चचाओं के चलते नीतीश कुमार नहीं आए। उन्होंने जनता दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी को भेजा था। परंतु अगस्त 2022 में नीतीश कुमार ने भाजपा से 21 महीने पुराना गठबंधन तोड़ दिया।

## सीएम सोरेन की विधानसभा सदस्यता पर अब भी संशय

### लिफाफा चिपक गया है...खुल नहीं रहा, एक महीने पहले चुनाव आयोग ने भेजा था लेटर: गवर्नर

**रांचीः झारखंड** के सीएम हेमंत सोरेन की विधायकी पर अभी भी संशय बना हुआ है। इस पर राज्यपाल का कहना है कि लिफाफा इतना चिपका हुआ है कि खुल नहीं रहा है। शुक्रवार को वे राजधानी रांची में टीबी उन्मूलन अभियान को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। उसी समय मीडिया ने पूछा कि ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में आपके पास जो लिफाफा आया है, वह कब खुलेगा? इसी पर राज्यपाल ने कहा कि लिफाफा इतना जोर से चिपका है कि खुल ही नहीं रहा है।



दरअसल, हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में सभी को राज्यपाल रमेश बैस के फैसले का इंतजार है। चुनाव आयोग का फैसला रहस्य बना हुआ है। जब तक राज्यपाल फैसले का खुलासा नहीं करते तब तक सीएम हेमंत सोरेन की विधायकी पर संशय बना रहेगा। इसी पर अब राज्यपाल ने ये बयान दिया है। वहीं राज्यपाल के इस बयान पर हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता ने बयान देने से मना कर दिया।

### खबर संक्षेप

## भाषा दिवस पर संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**नैनी।** गुरुनानक नगर स्थित विशाल पुनर्वास विज्ञान संस्थान एवं बाल पुनर्वास केंद्र के तत्वाधान में शुक्रवार को सांकेतिक भाषा दिवस पर भाषा वाणी विकार से ग्रसित अभिभावकों के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावकों को जागरूक करते हुए विशेष शिक्षिका गीता जायसवाल ने वाक-श्रवण से ग्रसित बच्चों के लिए संपूर्ण संप्रेषण विधि के बारे में जानकारी दी। शिक्षक सतीश तिवारी ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से गणित के पठन-पाठन के बारे में अभिभावकों को जागरूक किया। विशेषज्ञ डॉ. गुलाब सिंह भाषा विकास स्तर को तथा उससे होने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। अंत में विशेष शिक्षिका श्वेता ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुजाता, कृपाशंकर, शैलेश, प्रियंका, निशा आदि मौजूद रहे।

# युवक की हत्या कर रेलवे पटरी पर फेका शव

### परिजनों ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या करने का आरोप



घटना के बाद सूचना मिलने पर रोते बिलखते परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर शुक्रवार की रात पास के ही युवक का सर कटा शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर स्टेशन के पास ही रहने वाले युवक के परिजन भी रोते बिलखते मौके पर आ गए और पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाने लगे तभी स्थानीय पुलिस के साथ पहुची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।कटका गांव निवासी कमलेश सोनकर 25 स्व. मुन्नी सोनकर मेहनत मजदूरी करता था। कमलेश 6 भाइयों में चौथे नंबर पर था शुक्रवार की रात कमलेश का सर कटा शव झूंसी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर मिला। मृतक की मां गीता देवी बिलखते हुए अपने ही पड़ोसियों पर पुरानी रंजिश के चलते बेटे की हत्या का आरोप लगा रही थी। कमलेश की मौत से मां, बहन के साथ उसकी पत्नी रंजना देवी का रो रो कर बुरा हाल था परिजनों ने बताया कि कमलेश को 6 माह की एक बेटी भी है। बताया जाता है कि कुछ माह पहले कमलेश की पड़ोसियों से लड़ाई हुई थी पड़ोसियों ने कमलेश की जमकर पिटाई की थी मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी पर झूंसी चौकी के एक दीवान ने सुलह करा दिया था। वही झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया की तहरीर मिली है मामला जीआरपी से सम्बंधित है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता।

## नैनी में बालू ठेकेदार को मारी गोली



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के गंगोत्री नगर इलाके में एक बालू ठेकेदार को गोली मारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एसआरएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। नैनी गंगोत्री नगर निवासी राहुल गुप्ता (26) पुत्र स्व. राजेश गुप्ता बालू ठेकेदारी करता है। राहुल के अनुसार उसकी 10 दिन पहले इंदिरा भवन में बाइक खड़ी करने को लेकर गौरव बनर्जी नाम के युवक से मारपीट हुई थी। राहुल का आरोप है कि बीती देर रात गौरव व उसके साथ दो बाइक से 4 से 5 लोगो ने उसे गंगोत्री नगर स्थित कॉलोनी के पास पकड़ लिया है मारपीट करने लगे। राहुल भागने लगा तो उसपर तीन राउंड गोली चलाई। जिसमे से एक गोली राहुल के पैर में लगी और दूसरी हाथ मे लगी।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** अपने मंगेतर के साथ बैठ कर बातें कर रही युवती को पकड कर आश्लीलता करने एंव दुपट्टा खोलने और गंदी वीडियो बना कर वायरल करने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि वीडीओ बनाने वाले का नाम प्रकाश में आने के बाद मुखबिर की सूचना पर मध्य रात्रि को जब मऊआइमा पुलिस और एस ओ जी टीम ने घेरा बंदी की तो बदमाश पुलिस पर गोली चला दी। आत्मरक्षा के लिए पुलिस ने गोली चलाई तो आरोपी के बायें टांग में गोली लगी। जिसपर वह जमीन पर गिर पडा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा एक जीवित कारतूस तथा एक खोखा 315 बोर का बरामद किया। पुलिस अपनी अभिरक्षा में घायल का उपचार एस आर एन में करा रही है। जबकि शुक्रवार को गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। एक नामजद कि तलाश में दबिश दे रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती तथा सोरांव थाना क्षेत्र के एक युवक की सगाई हो चुकी है। सिंसई सिपाह पावरहाउस के पास नहर के निकट कई दिन पूर्व अपनी मंगेतर से बात कर रहे युवक और युवती को ग्राम सिंसई सिपाह के चार युवकों ने पकड़ कर युवती के साथ अश्लील हरकतें करते हुए वीडीओ बनाने लगे तथा युवक और युवती हाथ जोड़ कर दया की भीख मांग रहे थे। परन्तु दरिंदों ने अश्लील वीडियो बना कर उनकी इज्जत को खाक में मिलाते हुए वायरल कर दिए। जिस के कारण दोनों परिवार की आबरू तार तार हो गई। वह दोनों कही समाज में मुंह देखाने के लिए नहीं रहे। वीडियो वायरल होने की खबर एस एस पी हुई तो वह तुरन्त एक्शन में आ गए। जिसपर इंस्पेक्टर मऊआइमा ने 22 सितम्बर को मुकदमा दर्ज कर ग्राम सिंसई सिपाह निवासी मासूक पुत्र मसीक ,जक्रिया पुत्र कय्यूम के घर शुक्रवार को बुल्डोजर लेकर पहुंच गए। जिसपर जिसपर दोनों थाने में हाजिर हो गए। पूछताछ के दौरान वीडियो बनाने में शामिल मोहम्मद कैफ पुत्र रजी उद्दीन का नाम प्रकाश में आया। मध्य रात्रि को मुखबिर की सूचना पर बताया गया 222कि मोहम्मद कैफ पुत्र रजी उद्दीन अमुक स्थान पर है । एस ओ जी प्रभारी गांगापार इन्द्र प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह हमराही पुलिस कर्मियों ने रामफल इनारी पुलिस चौकी क्षेत्र के देवगलपुर की ओर वन का पूरा नहर पुलिया के पास मोहम्मद कैफ को मऊआइमा पुलिस और एस ओ जी की टीम ने घेराबंदी की तो वह पुलिस पर गोली चला दिया। जिससे सभी बाल बाल बच गए। आत्मरक्षा हेतु पुलिस द्वारा चलाई गयी गोली मोहम्मद कैफ के बाएं टांग में लगी और वह जमीन पर गिर पडा । जामा तलाशी में एक 315 बोर का तमंचा एक जीवित कारतूस एंव एक खोखा 315 बोर का बरामद हुआ। मौके पर एसपी गांगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल सहित तमाम अधिकारी पहुंच गए। घायल आरोपी को एस आर एन में पुलिस अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है। उधर मऊआइमा पुलिस ने गिरफ्तार मासूम पुत्र मसीक, जक्रिया पुत्र कय्यूम को शनिवार को जेल भेज दिया। जबकि फरार चल रहे एक आरोपी वसीक पुत्र शरीफ की तलाश में पुलिस संभावित ठेकानों पर दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि जल्द मास्टर माइंड वसीक पुलिस की गिरफ्त में आ जाएगा। इस घटना से ग्राम सिंसई सिपाह में भय का वातावरण व्याप्त है।

**एसआरएन में भर्ती**

घायल मौहम्मद कैफ का नाम प्रकाश में आया गिरफ्तार करने गई पुलिस पर चला दी गोली, अश्लील वीडीओ कांड में अब एक और की तलाश जारी







## अध्यापकों के लिए निपुण भारत प्रशिक्षण की चतुर्थ फेरा का हुआ समापन

**उरुवा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मेजा में संचालित निपुण भारत प्रशिक्षण की चतुर्थ फेरा का शनिवार को समापन हुआ, जिसमें कुल चार अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। अध्यापकों का प्रशिक्षण दो पालियों में संचालित रहा। प्रत्येक बैच सौ अध्यापकों को चार दिन का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को ट्रैक्टर के माध्यम से शिक्षित करने हेतु विभिन्न प्रकार के विधि प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बताया गया। समापन के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि ट्रैक्टर का प्रयोग करते हुए बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त तक ले जाएं। तभी प्रशिक्षण की सार्थकता मानी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान डॉ गोपाल कृष्ण (ए आर पी) मेजा द्वारा हिंदी भाषा के निपुण लक्ष्य में दी गई जानकारी को बच्चों को प्राप्त कराने हेतु मौखिक भाषा, परिवेशिय भाषा तथा डिकोर्डिंग के माध्यम से प्राप्त कराने हेतु प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में पुष्पराज सिंह, कमलाकांत पांडेय, गिरीश कुमार तिवारी, तथा रामनिरंजन द्वारा विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अध्यापकों के लिए चाय, नाश्ता, लंच आदि की बेहतर व्यवस्था रही। प्रशिक्षण में सुचिता कुमारी, मूर्ति खरबंदा, अवनीश कुमार, हंसराज पाल, राम राज वर्मा, संजय सिंह आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## राष्ट्रीय किसान महापंचायत ने आइरेफ के मनोज पांडेय, डॉ कमल उसरी को किया सम्मानित

**कोरांव।** विक्रमगंज, (रोहतास) बिहार में अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय किसान महापंचायत में इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन सम्बद्ध ऐक्टू राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड मनोज कुमार पांडेय एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कॉम डॉ कमल उसरी को अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक कॉम राजाराम सिंह ने किसान महापंचायत में शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री सिंह ने सम्मानित करते हुए कहा कि- नई दिल्ली में चले ऐतिहासिक किसान आंदोलन में देश भर के रेल मजदूरों की तरफ से इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन सम्बद्ध ऐक्टू ने अखिल भारतीय किसान महासभा सहित संयुक्त किसान मोर्चा के अलग- अलग सभी पर भारी मोर्चे पर बड़ी संख्या बल के साथ कई बार भागीदारी किया।उन्होंने कहा कि किसानों की तरफ रेल रोको अभियान के दौरान अपनी सरकारी नौकरी को दाँव पर लगाकर, रेमुब ऑफ सर्विस के तमाम नोटिसों को झेलते हुए वैचारिक, नैतिक व आर्थिक सहयोग लगातार 13 महीने चले संघर्ष देते रहे। सम्मानित होने के बाद इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम मनोज पाण्डेय ने भाकपा माले राष्ट्रीय महासचिव कॉम दीपंकर भट्टाचार्य व अखिल भारतीय किसान महासभा राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक कॉम राजाराम सिंह को व इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन उपाध्यक्ष कॉम डॉ कमल उसरी ने अखिल भारतीय किसान महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम रुलदू सिंह मानसा व राष्ट्रीय सचिव कॉम पुरुषोत्तम शर्मा को पगड़ीं भेंट कर अभिनंदन किया। किसान महापंचायत में कॉम अशोक धावले, मेधा पाटकर, डॉ सुनीलम, तेजिंदर सिंह विर्क, कॉम जसवीर कौर, मंजीत कौर, हाकिम सिंह चनीर, मणि देव चतुवेर्दी, प्रेम सिंह गहलावत, ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, भाकपा माले बिहार राज्य सचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी कॉम कुणाल जी व बिहार विधानसभा के विधायक- अरुण सिंह, सुदामा प्रसाद, महानंद सिंह, रामबली प्रसाद, जबमनोज मंजिल, संदीप सौरभ, अजीत कुशवाहा, गोपाल रविदास, पूर्व विधायक मंजू प्रकाश, राजकुमार यादव,चन्द्र दीप सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

## राजापुर ग्राम सभा में नहीं होती खुली बैठक

**कोरांव।** कोरांव ब्लॉक के राजापुर ग्राम पंचायत में खुली बैठक न होने का आरोप अरोपित है। सहायक विकास अधिकारी समरजीत की रिपोर्टो पर गौर करें तो राजापुर ग्राम सभा में पिछले एक-दो सालों से कोई भी खुली बैठक नहीं हुई है। आपको बता दें कि ग्राम सभा राजापुर में अंबिका प्रसाद शुक्ल के घर के सामने एक पुराना बहुत ही जीर्ण अवस्था में कुआं है जिसका जगत निर्माण के लिए कई बार पूर्व ग्राम प्रधान से कहा गया लेकिन ग्राम प्रधान हीला हवाली करते रहे । जिससे थक हार कर उपरोक्त प्रकरण का शिकायत सी एम हेल्प लाइन 1076 पर फोन कर के दर्ज करवाया गया था । किंतु सभी शिकायत में जो निस्तारण आख्या दी गई उस पर गौर किया जाए तो एक ही रिपोर्ट मिलती है कि कार्य योजना में शामिल नहीं है। ग्राम सभा की खुली बैठक करा कर कार्य योजना में शामिल कर के कार्य को करा दिया जाएगा । जब की यह प्रकरण को दो वर्ष पूर्व से ही हीला हवाली में टाला जा रहा है।जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता हैं की ग्राम सभा में कभी खुली बैठक हुई ही नहीं। इस प्रकरण के बारे में खण्ड विकास अधिकारी मुकेश कुमार से लोगों ने बात भी की तो वे प्रकरण के बारे में जानकारी से इनकार किये। और फोन के माध्यम से जानकारी लेकर कार्यवाही करने की बात कही। ब्लॉक प्रमुख मुकेश कोल ने भी आश्वासन दिया था किंतु कोई असर नहीं दिखा।

## हसनपुर का विनीत सिंह तीन महीने से लापता परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल



**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत हसनपुर गाँव से तीन महिना पहले गायब हुए नाबालिग को पुलिस बरामद नही कर सकी है। गायब बालक के परिजन हैरान परेशान है उनका आरोप है कि पुलिस गुमशुदगी दर्ज करने के बाद भी पता लगाने उनके घर तक नही आयी खोजने की बात दूर है।हसनपुर गांव निवासी शत्रुघ्न सिंह का पुत्र विनित सिंह उम्र 15 वर्ष 21 जून को घर के पास खेल रहा था वहीं से गायब हो गया गायब बच्चे के पिता एवं परिजनों ने काफी खोजा लेकिन विनित का पता अभी तक नहीं चला। सरायममरेज पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लिया लेकिन खोजने मे रुचि नहीं दिखाई। पिता शत्रुघ्न सिंह का कहना है की वह अगल बगल जिलों में खोजा पर उसका पुत्र नही मिला। जिसके कारण परिजन बच्चा चोरी की आशंका से डरे हुए है वहीं अगल बगल के लोगों का कहना है की आखिर बच्चा कहां चला गया जांच का विषय है लेकिन सरायममरेज की पुलिस हाथ पर हाथ धर कर बैठी है पुलिस की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है परिजनों का आरोप है तीन महीने बाद भी पुलिस जांच करने तक उनके घर नहीं आयी सिर्फ उनके द्वारा छपाए पोस्टर को अन्य थानों में भेजवा कर पुलिस बैठ गयी है जिससे परिजनों में आक्रोश एवं बच्चे को लेकर अनहोनी की आशंका है।

## कोचिंग गया छात्र लापता, परिजन चिंतित

**नैनी।** थानांतर्गत श्रमिक बस्ती निवासी एक किशोर छात्र कोचिग के निकाला और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया परिवार के सदस्य चिंतित है। घटना की सूचना दर्ज कराकर छात्र की तलाश की मांग की है। पुलिस छात्र के मोबाइल नंबर के जरिए उसकी तलाश का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार श्रमिक बस्ती निवासी हनुमत प्रसाद दुबे का पुत्र शिवांश द्विवेदी दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारह का छात्र है और वह विकास रोड नैनी की एक कोचिंग में पढ़ता है। शुक्रवार को कोचिंग गया था जहां से क्लास खत्म होने के बाद रात करीब साढ़े आठ बजे अपने एक दोस्त के साथ निकला था परंत घर वापस नही लौटा। परिवार ने संभावित स्थानों पर तलाश की परंतु कोई जानकारी नहीं मिलने पर थाने को सूचना दी गई। पुलिस मोबाइल नंबर के माध्यम से उसकी तलाश कर रही है घटना को लेकर परिवार परेशान है।

# अनुप्रिया पटेल के निर्देशन में चनेथू में सदस्यता अभियान आयोजित



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देशन में वृहद सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को अलग अलग क्षेत्रों में पार्टी पदाधिकारियों की ओर से बैठक कर लोगों को सदस्यता दिलाई गई साथ ही अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की गई। प्रतापपुर क्षेत्र के चनेथू पाही गांव में विधानसभा सचिव विनय शुक्ला के आवास पर आयोजित सदस्यता अभियान में विशेष सदस्यता पूर्वी जोन वारी के जोन सदस्यता प्रभारी कार्यवाहक प्रदेश महासचिव बृजेश पांडेय के नेतृत्व में उपस्थित लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई गई। जिसमें जिला सचिव कमलेश पटेल, विधानसभा महासचिव जंग बहादुर पटेल, विधानसभा अध्यक्ष पंचायत मंच विनोद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष व्यापार मंच शमशेर सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष बौद्धिक मंच सुभाष चंद्र राकेश, सेक्टर अध्यक्ष वारी अमरनाथ चौहान तथा ग्रामीणों में सूर्यमणि शुक्ला, प्रधान मुन्ना पांडेय, प्रेमनारायण, हरिश्चंद्र शुक्ला, मुकेश शुक्ला, आनंद पांडेय, राजाबाबू शुक्ला, विनोद पांडेय, प्रकाश चन्द्र शुक्ल, मिथिला शंकर शुक्ल, सत्यवान तिवारी, राजेश मिश्रा, डिंपल शुक्ला, राजा शुक्ला, आशीष शुक्ला, सुभाष, राजेंद्र शुक्ल, हीरालाल, भरत राकेश, इंद्रेश, शिवमणि, दयाराम मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खखैचा में भूमिधरी जमीन पर जबरन दुर्गा पूजा पंडाल लगाने का आरोप

**जंघई।** खखैचा ग्राम निवासी अभिनव द्विवेदी के अनुसार आराजी संख्या-837 क, 838 ख, 838 ग एवं 839 क सामिलात भूमि है जिसमें दबंगों द्वारा जबरन पुरानी रंजिशवस इनकी भूमिधरी जमीन में दुर्गा पूजा पंडाल लगाया जा रहा है। जिसमें प्रार्थी ने उपजिलाधिकारी हंडिया एवं थानाध्यक्ष सरायममरेज को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें उपजिलाधिकारी ने नाप करने का आदेश दिया और फिर बिना नाप कराए ही एवं प्रार्थी की बिना पूरी बात सुने तथा बिना समस्या का निराकरण किए ही पंडाल लगाने का निर्देश दे दिया।जबकि यह दुर्गा पूजा पंडाल बिना कमेटी गठित किए मात्र रंजिश एवं प्रार्थी को हानि कारित करने कि दृष्टि से राजनीति हो रही है इस कारण गांव के कई संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर भी करके उप जिलाधिकारी हंडिया को प्रार्थना पत्र दिया परन्तु उप जिलाधिकारी हंडिया ने इन सब बातों पर ध्यान न देते हुए अनुचित ढंग से पूजा पंडाल लगाने का निर्देश दिया है जिससे गांव में तनाव बना हुआ है।



## रस्तीपुर तालाब को अमृत सरोवर योजना में शामिल करने हेतु पीएम एवं सीएम से अनुरोध

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के रस्तीपुर गांव निवासी एवं भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राजन ने बताया कि रस्तीपुर गांव में खसरा संख्या 1111 तालाब के लिए आरक्षित है।इसी परिप्रेक्ष्य में रोहित कुमार डायरेक्टर अमृत सरोवर योजना, रमेश बिंद सांसद भदोही, वीके सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज को ई-मेल द्वारा पत्र भेजकर तथा एसडीएम हंडिया, बीडीओ प्रतापपुर, लेखपाल रस्तीपुर को व्हाट्स ऐप द्वारा पत्र भेजकर रस्तीपुर तालाब को अमृत सरोवर योजना में शामिल करने का अनुरोध किया है।जिसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजकर ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखकर तालाब को अमृत सरोवर योजना में शामिल करने का अनुरोध किया है।

## न्यूज झरोखा

### ग्राम सभा सेहुंडा की सोशल ऑडिट की बैठक सम्पन्न



**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के विकासखंड जसरा क्षेत्र के सेहुंडा ग्राम पंचायत में प्रयागराज जिले से आये अधिकारियों द्वारा ग्राम सभा की सोशल ऑडिट की बैठक हुई। जिसमें आये हुए अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2011 में हुई जनगणना के तहत ही अब तक लोगों को सरकार द्वारा आवास स्वीकृत किये गए हैं। पुराना सत्र समाप्त होने के बाद अब पुनः पात्र व्यक्तियों को ही सरकारी आवास योजना का लाभ मिलेगा।ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विकासखंड से नामित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन करने के बाद ही इस सुविधा का लाभ मिलेगा।मनरेगा योजना के तहत जॉबकार्ड धारकों को एक साल में न्यूनतम 100 दिनों का काम दिया जाता है।और जो भी ग्रामवासी जॉबकार्ड बनवाने के इच्छुक हैं, आवश्यक दस्तावेज के साथ पंचायत-भवन आकर जॉबकार्ड बनवा सकते हैं।लेकिन जॉबकार्ड बन जाने के बाद मनरेगा योजना के अंतर्गत काम करने की बाध्यता होती है।काम न करने वाले लोगों का जॉबकार्ड एक वर्ष बाद निरस्त किया जा सकता है। इस दौरान प्रयाग प्रभात टीम के यमुनापार प्रभारी महेश प्रसाद त्रिपाठी, जसरा ब्लाक प्रभारी यादवेंद्र सिंह यादव, ग्राम प्रधान रज्जन आदिवासी, राजू कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह (खबरीलाल),रामभवन विश्वकर्मा, त्रिभुवन विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान कलामुद्दीन, अंजनी आदिवासी, सुनील,शुभम,अनुराग पाल सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

### इंद्र कुमार मेघवाल को ढाई सौ गांवों में दी गई श्रद्धांजलि

#### पूना करार के 90 वर्ष पूरा होने पर सभा का हुआ आयोजन



**कोरांव।** कोरांव तहसील में पीपुल्स क्वाइस प्रयागराज संस्था की ओर से कोराव, मेजा, मांडा, मिजार्पुर के लालगंज आदि तहसीलों में कुल ढाई सौ गांवों में मेघवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई,तथा मेघवाल परिवार को दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी गई। इस संबंध में तहसील कोराव में उक्त संस्था कार्यकताओं ने एसडीएम कोरांव को राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सुपुर्द किया गया। जिसमें मेघवाल के परिवार को उचित शीघ्र न्याय दिलाए जाने तथा आरोपी को कठोर से कठोर दण्ड दिलाए जाने की मांग की गई है। 10 सितंबर से 24 सितंबर 2022 तक निरंतर श्रद्धांजलि सभा जा आयोजन अलग अलग क्षेत्रों में संपन्न हुआ। ज्ञापन देने वालों में राजेश कुमार,कंचन कुमारी,बसंतलाल आदि लोग प्रमुख रूप से रहे।

### पात्र दिव्यांग जनों में बांटा गया सहायक उपकरण



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार प्रयागराज द्वारा सेवा सप्ताह फगवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों के प्रांगण में सेवा भाव के साथ भारतीय जनता पार्टी गंगा पार जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार द्विवेदी, डीसीएफ चेयरमैन प्रेम कुमार सिंह लल्ले, ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने पात्र दिव्यांग जनों को साइकिल, वैशाखी, कान की मशीन आदि उपकरण बड़ी संख्या में वितरण किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी ने बताया यह सेवा सप्ताह पथवाड़ा पूरे देश में चलाया जा रहा है इस दौरान प्रतिदिन नए-नए योजनाओं के माध्यम से आम जनता को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जीत लाल त्रिपाठी, मनोज निषाद, किरण त्रिवेदी, कविता पटेल, अनिल कुमार सरोज, शिव नारायण सिंह गप्पू एवं आलोक गुप्ता सहित पार्टी कार्यकर्ता तथा आमजन मौजूद रहे।

### थाना दिवस पर एसडीएम रेनू सिंह ने सुनी फरियाद



**करछना।** माह के दूसरे व चौथी शनिवार को आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस का बार-बार चक्कर काटने के बाद भी फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ता है। शनिवार को करछना थाना परिसर मे एसपी यमुनापार सौरभ दिक्षित, उप जिलाधिकारी रेनू सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिस दौरान क्षेत्र से आए हुए फरियादियों के द्वारा बिजली, पानी नाली, खड़ंजा, व राजस्व से संबंधित कुल 14 शिकायतें दर्ज कराई गई। लेकिन मौके पर एक भी शिकायती पत्र का निस्तारण नही हो सका। जिससे आए फरीयादीयो को मायूस होकर लौटना पड़ा ,और थाना समाधान दिवस मजाक बन कर रहा । जिस मौके पर एस एस आई विनीत यादव, अखिलेश कुमार राय, हरिशंकर मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**करछना।** उ०प्र० माध्यमिक शिक्षक संघ (वित्त विहीन गुट) प्रयागराज द्वारा अपनी पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी प्रयागराज के कार्यालय पर धरना देकर जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया। मांगों में प्रमुख रूप से माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालयो की मान्यता में संशोधन, विद्यालयों की मान्यता का तीन वर्ष में नवीनीकरण , सम्मानजनक मानदेय व सेवा नियमावली, पुरानी पेंशन बहाली व मदरसों के बकाया भुगतान के साथ बोर्ड परीक्षाओं में परीक्षकों का बकाया मूल्यांकन पारिश्रमिक शामिल है। माँग सम्बन्धी ज्ञापन जिलाधिकारी प्रयागराज के प्रतिनिधि के रूप में ए. सी. एम. तृतीय को पढ़कर सुनाकर सौंपा गया। उन्होंने ज्ञापन को शासन के समक्ष तुरन्त प्रेषित करने का वचन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में डॉ० एस०पी० सिंह पटेल प्रत्याशी इलाहाबाद झाँसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह, जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू, फूलचन्द्र कनौजिया, सीता शरण सिंह, बुधराम यादव, गोविन्द प्रसाद भुर्तिया, नवीन शुक्ला, अमर बहादुर सिंह, मानसिंह पटेल, उदयराज, सी.एल. यादव, जे०पी० यादव, सी०बी० यादव, प्रेमचन्द्र, अमर चन्द्र गुप्ता, अवधेश श्रीवास्तव, शिवमोहन सिंह, कमल चन्द्र, रमेश यादव, अरविन्द यादव, रामहित यादव, सर्वेश, भुवाई लाल, महेन्द्र द्विवेदी सहित तुरन्त सैकड़ो शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 12वीं के छात्र ने जेईई परीक्षा किया किया गया सम्मानित



**करछना।** क्षेत्र के सहलोलवा अकोढा गांव स्थित सेठ राम अभिलाष इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले 12वीं के छात्र नवल किशोर पुत्र महेंद्र कुमार निवासी देवरी खुर्द ने देश की प्रतिष्ठित जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव का मान बढ़ाया है। जिसे आंध्र प्रदेश में केमिकल इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला मिला है। कालेज प्रबंधक एपी सिंह तथा प्रधानाचार्य एस आर सिंह ने? ग्रामीण अंचल के लघु सीमांत कृषक के पुत्र की इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए छात्र को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी है। साथ ही भविष्य की पढ़ाई में सहयोग का भी आश्वासन दिया। जिस मौके पर रमेश चंद्र पाल, श्याम बाबू गुप्ता, बृजेश कुमार कुशवाहा, रामेंद्र शुक्ला, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र सिंह, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



### सामाजिक सेवा कार्य में तत्पर रहने वाले विनायक पंडित हुए सम्मानित

**करछना।** जीएस एकेडमी धरवारा के प्रबंधक विनय कुमार सिंह की ओर से मां सेवा संस्थान रोकड़ी के अध्यक्ष विनायक पंडित को विद्यालय में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के तहत प्रशस्ति पत्र देकर व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया । प्रबंधक ने बताया कि मां सेवा संस्थान के अध्यक्ष की ओर से क्षेत्र में कराए जा रहे सामाजिक कार्यों सहित किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के प्रति उन्हें सम्मानित किया गया । वही सम्मान पाकर विनायक पंडित ने कहा कि समाज सेवा में संस्थान हमेशा तत्पर रहेगा । इसी प्रकार आयोजित कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय दर्जन भर अभिभावकों को भी उनकी ओर से सम्मानित किया गया।

# सीएम योगी पहुंचे प्रयागराज, सांसद विनोद सोनकर के पिता को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार की शाम प्रयागराज पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा के कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के पिता अमरनाथ सोनकर को अपनी श्रद्धांजलि दी। उनके चित्र पर माला पहनाने के साथ पुष्प अर्पित किए। सीएम ने इस दौरान सांसद के शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं भी व्यक्त की।

सूबे के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ शाम 4.42 बजे के आसपास प्रीतम नगर स्थित सांसद विनोद सोनकर के आवास पर पहुंचने के बाद सबसे पहले सीएम ने सांसद को ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने उनके पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने सांसद के दोनों भाई संतोष सोनकर, सुनील सोनकर, पत्नी संगीता सोनकर एवं पुत्र सार्थक और सक्षम सोनकर से मुलाकात की।



श्रद्धांजलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### चुनिंदा लोगों से ही की मुलाकात

आखिरकार दो दिन पहले ही उनका प्रयागराज आने का कार्यक्रम जारी हुआ। इस बीच सीएम प्रयागराज तो आए लेकिन भाजपा के चुनिंदा लोगों से ही उनकी मुलाकात हो सकी। सांसद विनोद सोनकर के दिवंगत पिता अमरनाथ सोनकर को श्रद्धांजलि देने के बाद जब वे बाहर आए तो वहां एक व्हील चेयर में बैठे दिव्यांग के पास कुछ पल के लिए वह रुके। सांसद विनोद सोनकर ने बताया कि वह दिव्यांग कौन था उसे वह भी नहीं जानते। सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री के रूप में योगी उनके घर दूसरी बार आए हैं।

### सांसद के घर करीब 12 मिनट रहे सीएम योगी

सभी को सांत्वना देने के बाद वहां सांसद की भांजी की पांच माह की बेटी सनाया को देखकर सीएम ने पहले उसे दुलारा। बाद में बच्ची को उन्होंने गोद में ले लिया। सांसद के आवास पर सीएम तकरीबन 12 मिनट तक रहे। शाम 4.54 बजे वह घर से बाहर निकले। इस दौरान सीएम ने कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह आदि से भी मुलाकात की। शाम 4.58 बजे सीएम विनोद सोनकर के आवास से एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। सीएम के जाने के बाद सांसद विनोद सोनकर ने बताया कि 1995 से ही सीएम से उनके पारिवारिक संबंध रहे हैं। एक परिवार के सदस्य के रूप में उन्होंने हम सभी को ढांढस बंधाया। यह भी कहा कि पिता के सपने को आप पूरा करो।

### नहीं सुधर रही बिजली व्यवस्था, रोजाना हो रहे फाल्ट से,उपभोक्ता परेशान

**बारा।** बारा क्षेत्र में आये दिन बिजली व्यवस्था धड़ाम होती जा रही है।कभी 33 हजार लाइन ब्रेक डाउन हो जाती है तो कभी पावर हाउस से आने वाली लाइन में फाल्ट होता रहता है। आखिर बिजली विभाग की यह कैसी व्यवस्था है। क्या बिजली के तार या खम्भे कागज या घास-फूस के बने हैं, जो जरा सा भी पानी बरसने या हवा चलने से भी मुरझा जाते हैं। इस बार तो समूचे बारा क्षेत्र में 33 हजार लाइन सबसे ज्यादा ब्रेक डाउन हुई है। कभी बिजली विभाग ने इस पर भी विचार किया है कि हम लोग उपभोक्ताओं से जबरन वसूली तो करते हैं और सप्लाई कितने घण्टे दे रहे हैं। जिस दिन बारा क्षेत्र के उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब देगा, उस दिन बिजली विभाग के कर्मचारियों को गांवों में जाने से पहले सोचने पर विवश होना पड़ेगा। सबसे मुसीबत खड़ी है कि सरकार द्वारा मिट्टी का तेल भी बन्द किया जा चुका है, अब शाम को बिजली कटने पर लोगों के घर खाना बनाने की समस्या, बच्चों को पढ़ने की समस्या, वृद्धों और रोगियों को हवा न मिलने की समस्या, नवजात शिशुओं को मच्छरों से समस्या, बारिश का मौसम होने से जहरीले जीव-जंतुओं की समस्याओं से उपभोक्ताओं को कितनी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बारा क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग एवं प्रदेश सरकार से निवेदन किया है कि जितना जोर उपभोक्ताओं को बिल जमा करने पर दिया जाता है, उतना जोर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने में लगाने से दोनों खुशहाल हो सकते हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रो में खुलेआम हो रही हैं बिजली की चोरी

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र सिरसा के आस-पास गांव में बिजली की चोरी ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोकटोक हो रही है। ग्राम पंचायत छतवां, बिजौरा, दलइ का पूरा, रामनगर,केवटहिया, मटही, बजहा, बरी, खानपुर, बेदौली, पंडित का पूरा,सोरांव आदि गांवों में ग्रामवासी बिजली के खुले तारों से चोरी की बिजली जलाकर अपने घर रोशन कर रहे हैं. वहीं कुछ लोग खेतों में पानी का मोटर भी चला रहे हैं। बताया जाता है कि बिजली चोरी का यह खेल सब स्टेशन के कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रही है. बिजली चोरी का यह नजारा कुछ गांवो में खम्भे में केबिल लगा हुवा मिलेगा। ग्रामीणों द्वारा बिजली के पोल के खुले तारों में आकड़े बनाकर बिजली की चोरी की जा रही है। इस बिजली से ग्रामीणों के घर रोशन हो रहे हैं, वहीं बहुत से लोग मोटर पंप चोरी की बिजली से चला रहे हैं। बिजली चोरी का यह सिलसिला विगत कई सालों से बदस्तूर जारी है। जिसे रोकने के लिए विभागीय कर्मचारी उदासीनता दिखा रहे हैं। कुछ ग्राम वासियों ने चर्चा के दौरान बताया कि जांच के नाम पर कभी भी कोई जिम्मेदार अधिकारी नही आते हैं। और कर्मचारी के मिलीभगत से बिजली के खम्भो में केबिल लगा हुआ है।जिनका कोई कनेक्शन से कोई मतलब नही है।

# हुजूर कब तक खुलेगी नींद, थाने के पीछे हो गई चोरी

**चार लाख से अधिक रुपयों के गहनों पर चोरों ने किया हाथ साफ, झूंसी क्षेत्र के कोहना में आए दिन चोरों ने मचा दिया है आतंक**





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** हुजूर कब खुलेगी नींद चोरों ने मचा दिया है आतंक जी हां झूंसी थाना क्षेत्र के कोहना मोहल्ले में एक परिवार को चोरों ने अपना निशाना बनाया तथा गहनों और कैश सहित तकरीबन चार लाख से भी अधिक की चपत लगा दी । आपको बताते चलें कि झूंसी थाने में एक लिखित शिकायत शमीमा बानो ने चोरी की दर्ज कराई है शमीमा बानो का कहना है कि 21 सितंबर को एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए अपने मायके गई हुई थी जब वहां से लौटकर आए तो घर के दरवाजे के सभी ताले टूटे मिले । प्रार्थिनी शमीमा बानो घर के ताले टूटे देख कर चोरी की दास्तां मोहल्ले वालों को चिल्ला चिल्ला कर बताने लगी । चोरी की घटना मोहल्ले में आग की तरह फैल गई तथा शमीमा बानो के घर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए समीमा बानो का कहना है कि सबसे ज्यादा चोरी में जेवरात गए हैं जिसकी कीमत 4 लॉख से भी अधिक हो सकती है तथा नगद में सिर्फ 20 हजार रुपया ही चोरों ने चोरी किए हैं । इसी तरह कुछ दिन पहले एक दारू के ठेके को चोरों ने निशाना बनाया था ठेके से भी चोरों ने काफी कैश उठा ले गए थे , देखा जाए तो सरायतकी मोहल्ले में भी आए दिन चोरी की वारदात होती रहती है । 6 महीने के अंदर झूंसी के कई घरों को चोरों ने निशाना बनाया मगर किसी भी चोरी का खुलासा पुलिस द्वारा नहीं की जा सका है जिससे क्षेत्र में लोगों के बीच आक्रोश बना रहता है । इसी तरह मोहल्ले से लोगों का निकलना भी मुश्किल हो गया है जो आए दिन चेन खींचने की वारदात सामने सुनने को मिलता रहता है। इस तरह की घटनाओं पर पुलिस प्रशासन कब अंकुश लगाएगी यह जांच का विषय बना हुआ है।

# मिड डे मील के खाने में कीड़ा पाएं जाने पर परिजनों व प्रधान में रोष

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** प्रदेश की योगी सरकार प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को सजाने व संवारने का काम कर रही हैं । मिड डे मील के तहत बच्चों को मीनू के तहत अच्छे खाने की व्यवस्था कराई गई है। लेकिन प्राथमिक विद्यालय से जुड़े अध्यापक ही सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे। उरूवा ब्लाक के ग्रामसभा गौरा चौकठा केवटाही दलित बस्ती में बने प्राथमिक विद्यालय में बृहस्पतिवार को मिड डे मील के तहत बच्चों को खाना परोसा गया तभी बच्चों ने देखा कि खाने में कीड़ा पड़ा है इसकी शिकायत बच्चे अपने परिजन और ग्राम प्रधान को सूचना दिया सूचना पर ग्राम प्रधानों के साथ प्राथमिक विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय में मौजूद अध्यापक आग बबूला हो गए। और ग्राम प्रधान तथा ग्रामीणों से मारपीट पर आमादा हो गए विद्यालय के शिक्षक की वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसमें देखा जा रहा है कि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ग्राम प्रधान को परिजनों को धमका रहे। ग्राम प्रधान ने इसकी लिखित शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी को दिया है आरोप है कि मिड डे मील में कीड़े की शिकायत लेकर जब ग्राम प्रधान वह परिजन विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के शिक्षक ग्राम प्रधान व परिजनों के साथ मारपीट करने पर अमादा होती वह धमकी दे रहे लोगों का आरोप है कि यह कोई एक बार की घटना नहीं है कई बार विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा इस तरीके से किया जाता है शिकायत करने पर वह मारपीट पर आमादा हो जाते हैं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**न्यूज झरोखा**

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई करछना की मासिक बैठक संपन्न



**करछना।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सदस्यता अभियान का शुभारंभ सफलतापूर्वक हुआ। जिसमें प्रथम दिन कुल ग्यारह नए सदस्य बनाए गए । भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई करछना की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को आर एन पब्लिक स्कूल नौवा में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन तथा प्रांतीय कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश हौसला प्रसाद सिंह पटेल उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एक स्वर से तहसील व जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने नए सदस्यों को दायित्व देकर निष्क्रिय और शिथिल पुराने सदस्यों को पदमुक्त करने व आगामी सत्र की संवाददाता डायरी के लिए भरपूर सहयोग देने तथा आंचलिक पत्रकारों कवियों और साहित्यकारों को यथा समय सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में उपस्थित कविवर रामलोचन सांवरिया डॉ राजेंद्र शुक्ला डॉ वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर एवं वेदानंद वेद ने अपनी कविताएं भी प्रस्तुत की। तहसील महासचिव लाल चंद प्रजापति ने उपस्थित पत्रकारों का स्वागत किया। और पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर एकजुट रहने का संकल्प लिया गया । जिसमें राजेश कुमार यादव, शिवम मिश्रा , अमित कुमार द्विवेदी , विनोद कुमार , अरुण कुमार विश्वकर्मा , मुकेश कुमार , विंद्रा प्रसाद , हिमांशु कुमार तिवारी , विवेक कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

### अग्नि सामान विभाग द्वारा फायर सेफ्टी कार्यशाला संपन्न

**प्रयागराज।** अग्निशमन सेवा प्रयागराज, सिविल डिफेंस, वाहन सारथी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रयागराज के होटल कान्हा श्याम में इंटरनेशनल फायर सेफ्टी एवं फायर प्रीवेंशन के तहत आग से खतरे एवं बचाव और राहत विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया' पिछले कुछ दिनों में अग्निकांड की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर अग्निशमन विभाग मैं जान माल की रक्षा एक जन जागरूकता की मंशा से मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया कार्यशाला में जिलाधिकारी ने उपस्थित होटल एवं रेस्टोरेंट व्यापारियों कारखाना संचालकों कालेज प्रबंधकों तथा सिविल डिफेंस सारथी फाउंडेशन व कई अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं से अग्नि जनित घटनाओं के पूर्व बचाव हेतु गंभीर उपाय की अपील किया. कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आग लगने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए जनमानस से सतर्क रहने का आह्वान किय कार्यशाला आयोजित मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने आग से बचाव के तमाम उपाय बताते हुए व्यापक तकनीक, उपकरणों से उपस्थित जन सामान्य को परिचित कराया सहयोगी कर्मचारियों के साथ परिसर में आग से बचाव का प्रदर्शन भी कि? इस अवसर पर सिविल डिफेंस के उप नियंत्रक श्री नरेंद्र शर्मा चीफ वार्डन श्री अनिल गुप्ता श्री राकेश तिवारी श्री रामनाथ गुप्ता श्री सादिक हुसैन सिद्दीकी दुकान जी राजेश कुमार यादव अजय सिंह आरके सिंह व्यापार मंडल के अध्यक्ष, कान्हा श्याम होटल के मालिक विद्रूप अग्रहरी के साथ तमाम स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी तथा प्रतिनिधि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रंजना जी ने किया।

### विधायक राजमणि कोल ने विधानसभा में उठाया कोरांव के विकास का मुद्दा

**रत्योरा।** विधायक कोरांव राजमणि कोल पिछड़े क्षेत्र कोरांव के विकास के लिए लगातार प्रयास करते देखे जा रहे हैं ।उन्होंने विधानसभा के सत्र में कोरांव के विकास हेतु चार कार्यों का प्रस्ताव दिया है। जिससे कोराव क्षेत्र के वासियों में खुशी की लहर देखी जा रही है। विधायक कोरांव राजमणि कोल ने जिन विकास कार्यों का प्रस्ताव सदन में रखा है। उनमें विकासखंड कोरांव के बेलन नदी ग्राम भोगन तथा लौवाकोन गांव के बीच लिफ्ट कैनाल की स्थापना कराए जाने जिसकी मांग जमुना प्रसाद मिश्र व अन्य निवासी गणों के द्वारा की गई थी। इसी क्रम में विधानसभा कोरांव के अंतर्गत नगर पंचायत कोरांव में गांधी चौराहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आगे तक जल निकासी हेतु नाले का निर्माण कार्य यह मांग नगर पंचायत अध्यक्ष नरसिंह केसरी व रामकृष्ण केसरी के द्वारा की गई थी। इसी प्रकार नगर पंचायत कोरांव में राजकीय महिला चिकित्सालय के भूमि की पैमाइश, बाउंड्री बनवाने एवं चिकित्सक की नियुक्ति के संबंध में नरसिंह केसरी नगर पंचायत अध्यक्ष की मांग पर दिया है। इसी प्रकार विधायक राजमणि कोल ने विधानसभा कोरांव के ग्राम खूंटा में विकासखंड का सृजन कराए जाने के संबंध में हरीकृष्ण द्विवेदी की मांग पर प्रस्ताव दिया है। जिससे अब विधानसभा के लोगों में एक नए विकासखंड के सृजन की भी आस जग गई है। विधानसभा कोरांव के विकास हेतु प्रस्ताव देने के लिए स्थानीय लोगों ने विधायक को बधाई दी है।



**भोगन में लिफ्ट कैनाल तो नगर पंचायत में जल निकासी हेतु नाला निर्माण का दिया प्रस्ताव**

### कुएं में गिरे नीलगाय को वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर

**मेजा।** क्षेत्र के डेलौहा गांव के कुएं में गिरे नीलगाय को वन कर्मियों तथा ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर बाहर निकाला। बता दे कि शुक्रवार देर रात्रि डेलौहा गांव के प्राथमिक विद्यालय के बगल कुएं में एक नील गाय गिर गया। सुबह जब ग्रामीणों को जानकारी हुई तो कुएं के पास लोगों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे वन दरोगा लाल चंद अपनी टीम व ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू शुरू किया, जहां कड़ी मशक्कत करने के बाद नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान राजेश विश्वकर्मा, बजरंगी, शीतला पटेल, शमशेर अली, कलेक्टर, रक्षा यादव, वीरेंद्र कुमार सहित वन कर्मी भास्कर श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पब्लिक का गुस्सा शराब की दूकान पर फूट पड़ा किया तोड फोड़

**मंदिर और स्कूल के बीच शराब का ठेका होने से नाराज हैं लोग**

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लोकपुर चौराहा पर स्थित देशी शराब की दुकान के विरोध में लोगों ने किया बवाल दुकान में लोगों ने किया पथराव, तोड़फोड़ लूटपाट का भी आरोप सेल्समैन गणेश चंद्र को लोगों ने पीटा लोगों का आरोप है कि मंदिर और स्कूल के नजदीक खुलवाई गई शराब की दुकान। दुकान मालिक प्रतिमा जायसवाल के पति नीरज जायसवाल निवासी बहादुरगंज ने बताया कि लगभग तीन साल से है दुकान, लोगों ने दुकान में सेल्समैन की पिटाई की और तोड़फोड़ कर 15 पेटी शराब और रुपए लूट ले गए लोगों का आरोप हैं एसडीएम से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। स्कूल और मंदिर के पास दुकान खोली गई है। बहन बेटियों का राह चलना मुश्किल हो गया है।व अब तक यहाँ का शराब पीने से 4 लोगो की मौत हो चुकी है,जिसमे दो लोगों की मौत केवल लोकपुर में ही हो चुकी है इसीलिए पब्लिक का गुस्सा शराब की दुकान में फूटा।

# गैंगलीडर समेत तीन सक्रिय सदस्य को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाने की पुलिस टीम ने कपारी मोड़ के पास से गैंगस्टर एक्ट के चार वांछितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट सहित चार मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने चारों का चालान भेज दिया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के सदस्य सबइंस्पेक्टर विवेक कुमार राय, कांस्टेबल सिद्धार्थ मौर्य, गोपाल सिंह, शशिकांत यादव और सौरभ राय के साथ चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर उन्होंने बांदा-प्रयागराज हाईवे पर ग्राम कपारी के पास घेराबंदी की और गैंगस्टर एक्ट के चार वांछितों को धर दबोचा। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्त में आया गैंग लीडर राकेश पुत्र स्वर्गीय मूलचंद (निवासी राजा कोठी, शंकरगढ़, मूल पता बड़ी गड़ियन रुकमा खुर्द, बहिलपुरवा, चित्रकूट) समरजीत उर्फ. धनगू पुत्र दद्दन कोल (निवासी रानीगंज, शंकरगढ़), कमलेश पुत्र जवाहरलाल (रानीगंज, शंकरगढ़) और छोटू पुत्र हरिलाल आदिवासी (निवासी उपरोक्त) को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान अनवरत जारी है। उन्होंने शारदीय नवरात्र के मद्देनजर सभी क्षेत्रवासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और कमेटी गठित कर ही पूजा पंडाल स्थापित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी कोई आवश्यकता हो तो वह तुरंत उनके सीयूजी नंबर या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकता है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को पूरामुफ्ती पुलिस ने भेजा जेल

**प्रयागराज।** थाना पूरामुफ्ती पुलिस बल द्वारा एक वांछित अभियुक्त को 04 अदद अवैध देशी जिन्दा बम के साथ गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पूरामुफ्ती उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 कुलदीप शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा थाना पूरामुफ्ती में पंजीकृत मु0अ0सं0- 231/22 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त सानू भारतीया पुत्र लालचन्द्र भारतीया निवासी ग्राम अहमदपुर पावन थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को दिनांक 24.09.2022 मुखबिर की सूचना पर कृष्णा मन्दिर के निकट से पूरामुफ्ती पुलिस बल द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की जामा तलाशी लेने पर कब्जे से 04 अदद अवैध देशी जिंदा बम बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पूरामुफ्ती में मु0अ0स0 287722 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कुलदीप शर्मा, कांस्टेबल विनोद कुमार एवं कांस्टेबल राम लखन सहित आदि लोग भी मौजूद रहे।

### अधिकारी के सामने शिकायतकर्ता को दबंगों ने गाली देते हुए जान से मारने की दी धमकी

**घूरपुर।** जसरा विकास खंड के बीकर ग्राम पंचायत के मजरा दलवाबारी में अगस्त 2021 में ग्राम सभा की ओर से इंटरलाकिंग सड़क का निमार्ण कराया गया था। गांव के ही अतुल कुमार यादव पुत्र अवध राज यादव ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी जसरा से शिकायत कर जांच करने की मांग की थी। जिसके क्रम में शनिवार की दोपहर जसरा खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी, सहायक विकास अधिकारी श्याम लाल तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी दीप्ति मिश्रा जांच करने को पहुंचें तो खंड विकास अधिकारी ने जांच के दौरान मौके पर शिकायत कर्ता को भी बुला जांच करना शुरू किए तो मौजूद प्रधान अपने तीन सहयोगियों के साथ अधिकारियों के सामने ही शिकायत कर्ता को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। डरे सहमे शिकायतकर्ता थाने में पहुंच प्रधान सहित तीन के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र थाने में देकर कार्रवाई की मांग की है। घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### रामलीला के लोकरंग को जीवंत रखना जरूरी : अशोक बेशरम

#### गांवों में सिमट रही रामलीला मंचन की लोक परंपरा



**करछना।** भगवान राम के लोकोत्तर आदर्श जीवन से अनुप्राणित,नवरात्र पर्व से लगभग प्रत्येक गांवों में शुरू होने वाले रामलीला मंचन की परम्परा अब पहले जैसी नहीं दिखती। जीवन की आपाधापी में गांव की युवा पीढ़ी को चाहिए कि अपने बुजुर्गों के सानिध्य में मिल बैठकर अपने अतीत की इस आदर्श परंपरा को मंचन के माध्यम से जीवंत रखें। यह बातें पारंपरिक गीतों पर शोध कर रहे,हास्य कलाकार और चर्चित हास्य व्यंग कवि अशोक बेशरम ने करछना में एक बैठक के दौरान कही। गांवों में रामलीला के सिमटते परिदृश्य को लेकर उन्होंने कहा कि दो तीन दशक पहले कभी लगभग गांव् गांव में नवरात्र के पूर्व ही गांव के प्रतिभावान बच्चे युवा और बुजुर्ग बैठक कर कद काठी के हिसाब से सभी पात्रों का चयन करते थे। रामचरित मानस,वसुनायक कृत,बद्रीकृत,किंकर कृत रामायण से पात्रों का चयन कर कलाकारों को पाठ वितरित किए जाते थे। चौपालों में रोज शाम पात्रों का रिहर्सल चलता था। नौकरी सुदा लोग भी छुट्टी लेकर गांव की रामलीला में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु बड़ी उत्सुकता के साथ गांव आ जाते थे। अपने विशेष अभिनय को लेकर पात्रों की दूर-दूर तक एक पहचान बनती थी। कमेटी के महन्थ,डायरेक्टर,व्यास, कलाकारऔर गांव के लोग भी बड़ी ललक और साध के साथ रामलीला के प्रति अपने को समर्पित रखते थे। हालांकि ऐसा नहीं है कि अब भी गांवों में गणेश उत्सव,दुर्गा पूजन उत्सव जैसे आयोजनों का सिलसिला काफी बढ़ा है किंतु अनवरत 10 दिन तक चलने वाले रामलीला मंचन की परंपरा अब कुछ ही गांव में दिखाई पड़ती है। आज के बदलते दौर में हमें चाहिए किअपनी उस परंपरा को गांव के बच्चे बूढ़े जवान और सभी लोग मिलकर जीवंत रखें और इसके विविध प्रसंगों से सीख लेकर उसे लोक जीवन में उतारते हुए आगे बढ़े। बैठक में कई क्षेत्रीय प्रबुद्धजन और समाजसेवी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता को पीटने पर थाना दिवस पर अधिवक्ताओं ने किया घेराव

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** होटल में खाना खाने के दौरान होटल संचालक से मारपीट होने पर मौके पर पहुंची

### प्रभावित रहा थाना दिवस

पुलिस ने अधिवक्ता के साथ मारपीट किया। उसे थाने में ले जाकर जमकर मारा पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटे आई। शनिवार को थाना दिवस पर अधिवक्ताओं ने थाने का घेराव किया तो जमकर बवाल हुआ। जिससे थाना दिवस भी प्रभावित हुआ।

पट्टी तहसील क्षेत्र के तरदहा गांव के रहने वाले मानस त्रिपाठी पुत्र कृष्णदेव त्रिपाठी पट्टी में



क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्तागण।

अधिवक्ता है। उप जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थनापत्र में उन्होंने बताया कि शुक्रवार की शाम 8.30 बजे अपने अधिवक्ता साथी विनोद शुक्ला के साथ थाने के समीप स्थित एक होटल में खाना खाने के लिए गए थे, तभी होटल के संचालक ने अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार किया। अधिवक्ताओ का आरोप है कि इसी बात पर लेकर दोनों के बीच में कहासुनी हुई। इस पर होटल संचालक ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पट्टी थाने के दो सिपाही तथा एसआई वहां पर पहुंचे और अधिवक्ता को मारते हुए थाने में ले गये, जहां पर शिकायत करने पर मुकदमा करने की धमकी दी। शनिवार को समाधान दिवस पर पट्टी तहसील के अधिवक्ता एकजुट होकर के पट्टी थाने में पहुंचे और थाने का घेराव किया। सीओ दिलीप सिंह से जल्द से जल्द आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की। काफी समझाने बुझाने के बाद अधिवक्ताओं का गुस्सा शांत हुआ। वहीं थाना दिवस पर आये फरियादी मामले को नहीं समझ सके काफी देर तक थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दिया।

## घर के बरामदे में खड़ी बाइक को चोरो ने उड़ाया, मचा हड़कम्प

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के नान्हू का पुरवा गाव में बीती रात को घर के दरवाजे पर खड़ी बाइक के चोरी हो जाने से परिजनों के साथ ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। बताया जाता है कि उक्त थाना क्षेत्र निवासी कृपाशंकर मिश्र बीती रात को अपने घर के सहन पर बाइक मोटरसाइकिल यूपी 72बीसी 6639 ग्रे कलर की रोज की भांति खड़ी करके सोने चले गए शनिवार की सुबह जब सोकर उठे तो सामने खड़ी बाइक गायब देख हक्का बक्का रह गए आस पास के लोगो की भारी भीड़ जमा हो गई ।जिसकी खबर सोशल मीडिया ग्रुप में चलने पर नवाबगंज एस आई बलवंत सिंह मौके पर पहुचे और परिजनों से पूछताछ करते हुए छान बीन में लग गए। घटना की तहरीर पीड़ित कृपा शंकर मिश्र ने पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्राम सरायदली में धम्म देशना और धम्म यात्रा निकली

### विश्व शांति का दिया गया संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में वषार्वास कर रहे पावन पूज्य भिक्खु संघ ने पूज्य भिक्खु करुणा रक्खित के पावन नेतृत्व व मार्गदर्शन में ग्राम सभा सरायदली में धम्मदेशना व पदयात्रा कर लोगों को विश्व शांति सन्देश दिया। साथ ही लोगों को जीवन मे धम्म व ध्यान साधना के महत्व बताते हुए लोगों को शील, सदाचार, संस्कार से जुड़ने का आह्वान किया। साहित्यकार, शिक्षाविद, चिंतक व विचारक डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न के आग्रह पर भोजनदान व दान पारमिता को स्वीकार कर सभी के प्रति मंगलकामना प्रेषित किया। डॉ. रत्न ने पावन भिक्खु संघ का आभार प्रकट करते हुए कहा कि धम्म देशना से बाल, युवा तथा वृद्धों के भीतर मानवता के संस्कारों की उत्पत्ति होगी। कार्यक्रम का संचालन राकेश कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर प्रेम दास मौर्य, निर्मला मौर्य, आत्माराम मौर्य, पंकज मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, आकाश, आरती मौर्य, कंचन मौर्य, जितेंद्र मौर्य, आनन्द, बिमलेश पाल, उर्मिला व पूजा मौर्य सहित बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाओं और ग्रामीण लोगों ने प्रतिभाग किया।



धम्म यात्रा में मौजूद पदाधिकारी व उपासकगण।

# नगर पालिका ने रामलीला मैदान में शुरू की सफाई, वर्षा न हुई तो सफाई में आएगी तेजी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लगातार वर्षा से रामलीला मैदान में इन दिनों पानी भर गया था। नगर पालिका ने आज दषहरे मेले की तैयारी को दृष्टि में रखते हुए रामलीला मैदान में मषीन से पानी निकालने का कार्य शुरू कर दिया है। यदि वर्षा न हुई तो यह पानी सूख जाएगा और सफाई कार्य में तेजी आएगी।

इसके अलावा रामलीला मैदान से बांस व गिट्टी हटाया जा रहा है। दस दिन बाद रामलीला मैदान में बड़ा दषहरा मेला लगेगा। इसी को ध्यान में रखकर नगर पालिका ने आज से सफाई कार्य शुरू कर दिया है। पहले दिन मषीन से पानी निकाला गया और जेसीबी से मलबा हटाया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि



रामलीला मैदान का निरीक्षण करते ईओ मुदित सिंह।

नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह के निर्देषन में दषहरे के पहले रामलीला मैदान को साफ-सुथरा कर लिया जाएगा। आज नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह ने भी पूरे रामलीला मैदान का निरीक्षण किया और समयबद्ध तरीके से सफाई करने का निर्देष भी दिया। आज के निरीक्षण में नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, रामलीला समिति के अध्यक्ष संजय खण्डेलवाल आदि रहे।

## आकाशीय बिजली की चपेट मे आने से महिला की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के सरदार का पुरवा पुरवारा में शुक्रवार की शाम गांव के जगेसर की पत्नी छोटका 54 बकरी चरा रही थी। इस बीच हल्की बूंदाबांदी के बीच आकाशीय बिजली गिरी। आकाशीय बिजली की चपेट मे आने से महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। शनिवार को परिजनों ने मृतका का गांव मे अंतिम संस्कार कर दिया।

# अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में छात्र-छात्राओं को दी गई बायोकेमेस्ट्री की जानकारी

### मेडिकल कालेज में बायोकेमेस्ट्री पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डा0 सोनेलाल पटेल मेडिकल कालेज में शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे बायो केमेस्ट्री पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें एबीवीएमयू लखनऊ के वाइस चांसलर प्रो0 ए0के0 सिंह मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। कार्यक्रम में लखनऊ विष्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर यू0एन0 द्विवेदी भी शामिल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 विजय सेठी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो0 आषीष सक्सेना फार्मर डायरेक्टर एण्ड हेड, केजीएमसी लखनऊ, डा0 स्मिता अवस्थी



सेमिनार का दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व प्राचार्य।

रिसर्च साइंटिस्ट यूएचयूएसएस, डा0 नीलम पाठक प्रो0 फैजाबाद यूनिवर्सिटी, डा0 अतुल टण्डन प्रेसिडेट व सीईओ नियोबायो टेक्नालाजी कैलिफोर्निया यूएस, अतुल टण्डन, डा0 उमा कंगा ने बच्चों को आधुनिक जानकारियां दी। लंच के बाद डा0 राजेन्द्र प्रसाद केजीएमसी लखनऊ, डा0 सुमन मिश्रा ओएचआईओ यूएसए, प्रो0 आलोक भंवर डायरेक्टर सीबीएमएआर एसजीपीजीआई लखनऊ, डा0 संजय कुमार श्रीवास्तव अबिलिंस यूएसए आदि ने बायोकेमेस्ट्री पर अपने व्याख्यान दिये। कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के प्राचार्य आर्य देष दीपक ने सभी के प्रति आभार जताते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 24 व 25 को होगा जिसमें मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं को सेमिनार का लाभ मिलेगा।

## डॉ0 क्षितिज बने रीजन चेयरपर्सन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा डॉ क्षितिज कुमार श्रीवास्तव को बेहतर कार्यों के लिए इंटरनेशनल पिन, मोमेंटो और प्रसस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया और प्रतापगढ़, सुल्तानपुर जिले का रीजन चेयरपर्सन बनाया गया। डॉ क्षितिज श्रीवास्तव लायंस क्लब, भारत विकास परिषद, दिव्य सेवा मिशन,कायस्थ महासभा आदि कई सामाजिक संस्थानों से जुड़कर लगातार जरूरतमंद और असहायो की सेवा और सामाजिक कार्य कर सम्मानित भी हो चले है और जनपद में एक अलग पहचान बना रहे हैं। रक्तदान जैसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर इन्होंने अलग मिसाल बनाई है। अब तक 32 बार रक्तदान करके उन्होंने कई लोगों का जीवनदान दिया है डॉ क्षितिज श्रीवास्तव जनपद के नामी व्यवसायी स्व.राकेश कुमार श्रीवास्तव के बेटे है और ये पेशे से एक न्यूरो फिजियोथेरेपिस्ट हैं और भानु हॉस्पिटल राजापाल चैराहे के पास अपनी प्रैक्टिस करते हैं।



डा0 क्षितिज।

# दिव्यांगजनों को बांटे गये कृत्रिम अंग व उपकरण

### हादीहाल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने



हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते विधायक राजेन्द्र मौर्य।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांगजनों के लिये कल्याणकारी योजनायें बनायी है और उन पर अमल करना शुरू किया है। उनके द्वारा किये गये प्रयासों से सभी दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन मिला है और उन्हें समाज में उचित स्थान प्राप्त हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस पहल में उनके द्वारा चलाया गया सेवा पखवाड़ा में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को जो कृत्रिम उपकरण प्रदान किये जा रहे है वह प्रधानमंत्री की एक अच्छी सोच और नई दिशा का परिणाम है। इस अवसर पर ओम प्रकाश पाण्डेय सदस्य सलाहकार समिति एफसीआई उत्तर प्रदेश, रूचि केसरवानी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, नगर मण्डल महामंत्री आलोक गर्ग आदि मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में शिकायतों की भरमार, अफसरों ने दिलाया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में शनिवार को लालगंज कोतवाली में कुल आठ शिकायतें आयी। इनमे से दो का निस्तारण कराया गया। जिले के मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल ने एसडीएम के साथ समस्याओं की सुनवाई की। समाधान दिवस में लालगंज के पूरे बंशी गांव के सैकडो ग्रामीण दुर्गा पूजा समारोह के आयोजन की समस्या को लेकर पहुंच गये। यहां दुर्गा पूजा पाण्डाल के स्थल को लेकर दो पक्षों में सहमति नही बन रही थी। अफसरों ने दोनो पक्षो को समझा बुझाकर सामूहिक रूप से आयोजन को लेकर सुलह करवाया। वहीं समाधान दिवस मे जमीनी विवाद तथा छुटपुट कहासुनी के मामले भी अफसरो के सामने पेश हुए। सीआरओ ने राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर समस्याओं के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये। दिवस में एसडीएम सौम्य मिश्र व प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने भी प्रार्थना पत्रों की सुनवाई की। इधर लीलापुर थाने में समाधान दिवस में सीओ रामसूरत सोनकर पहुंचे। सीओ ने यहां फरियादियों की एक एक कर शिकायतों की सुनवाई की। यहां नौ शिकायतें आयीं। दिवस का संयोजन थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय ने किया। इधर सांगीपुर थाने मे भी समाधान दिवस में सात शिकायतें आयी। यहां शिकायतो की सुनवाई सीओ रामसूरत सोनकर ने की। दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने किया।

# युवती से युवकों ने गैंगरेप कर बनाया वीडियो, गिरफ्तार

### पुलिस अधीक्षक ने दिये कड़ी कार्यवाही के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के देल्हूपुर थाना क्षेत्र के गजहेड़ा जंगल में तीन युवकों ने एक युवती के साथ सामूहिक दुराचार किया और बेहोषी हालत में उसे छोड़कर भाग खडे. हुए। घटना की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हालत बिगडने पर उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने भी घटना को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस को अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही के निर्देष दिये। बताया जाता है कि पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित युवती फतनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी शातिर हैं जिन्होंने सामूहिक गैंगरेप का वीडियो बनाकर वायर भी किया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है और आरोपियों से कड़ी पूछताछ भी की जा रही है। बता दें कि अभी कुछ दिनों पूर्व जेठवारा क्षेत्र के डेरवा में एक महिला के साथ भी गैंगरेप हुआ था। खास बात यह है कि इन दिनों अदालत दुराचार के आरोपियों को मात्र दस दिन में सजा दे रही है, फिर भी आरोपियों का हौंसला अभी नहीं टूटा है और वह आए दिन इस तरीके की घटनाएं कर रहे हैं। अच्छी बात यह है कि पुलिस अधीक्षक की सख्ती के चलते आरोपी 24 घंटे भी नहीं बच पाते।

## दुष्कर्म के अभियुक्त के खिलाफ अवमानना का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने जनवामऊ निवासी फिरदौस पुत्र मुबारक अली के खिलाफ लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में विभिन्न धाराओं में 30 जुलाई 22 को मुकदमा दर्ज किया था जिसमे अभी तक अभियुक्त फिरदौस न्यायालय व पुलिस के समक्ष हाजिर नही हो सका जिसके खिलाफ पुलिस ने 82 सी कार्रवाई का न्यायालय से आदेश कराकर अभियुक्त के गाव मे मुनादी कराई और घर पर सूची चस्पा किया इतना सब कुछ होने के बाद फरार चल रहे अभियुक्त अभी तक कोर्ट व पुलिस के समक्ष हाजिर नही हो पाया।

पुलिस ने शनिवार को अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय के अवमानना पर वादी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया। अभियुक्त के हाजिर न होने पर पुलिस 83 की कार्रवाई की तैयारी कर रही है। अभियुक्त के खिलाफ गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज होने पर परिजनों में हड़कम्प मचा हुआ है उधर नवाबगंज उप निरीक्षक बलवंत सिंह अभियुक्त की धर पकड़ के लिए अपनी टीम के साथ दिन रात एक कर रहे है लेकिन अभियुक्त का कुछ भी पता नही चल रहा है।

## दिव्यांग शौचालय मे तोडफोड, एडीओ ने दी अज्ञात के खिलाफ तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात शरारती तत्वों ने ग्राम पंचायत मे निर्मित दिव्यांग शौचालय में तोडफोड कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होने पर शनिवार की सुबह एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी गांव पहुंचे। एडीओ ने क्षतिग्रस्त शौचालय को देखा और वहां मौजूद ग्रामीणों से इसके बारे में पूछताछ की। शौचालय में तोडफोड की घटना से गांव के अधिकांश लोगों मे भी आक्रोश देखा गया। एडीओ पंचायत ने घटना की सूचना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर सौपते हुए दी है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि जांच कर कडी कार्यवाही की जाएगीं।

# एसडीएम व वकीलों के बीच विवाद का पटाक्षेप कराने सीआरओ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील में एसडीएम की कार्य प्रणाली से खफा वकीलों की समस्याओं के समाधान कराए जाने को लेकर शनिवार को यहां जिले के सीआरओ तहसील मुख्यालय पहुंचे। मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने सभागार में एसडीएम तथा अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक में अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर बिंदुवार सुनवाई की।

अधिवक्ताओं ने सीआरओ को बताया कि एसडीएम सौम्य मिश्र का व्यवहार लगातार अनुचित बना हुआ है और वह प्रार्थना पत्रों की सुनवाई के लिए उपलब्ध नही हुआ करते। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने तहसील मे

### तहसील परिसर में हुई वार्ता

मौजूदा एसडीएम की कार्यप्रणाली से बने न्यायिक एवं प्रशासनिक गतिरोध की सीआरओ को विस्तृत जानकारी दी।

पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व राम मोहन सिंह ने भी कई बिंदुओं पर वकीलों तथा वादकारियों को हो रही समस्याओं को लेकर सीआरओ का ध्यान आकृष्ट कराया। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रारम्भ में एसडीएम की कार्य प्रणाली के साथ उनके अनुचित व्यवहार को लेकर वकीलों की नाराजगी पर प्रकाश डाला। सीआरओ राकेश पटेल ने अधिवक्ताओं की बात सुनने के बाद भरोसा दिलाया कि वह एसडीएम के स्तर पर समस्याओं के बाबत समाधान का रास्ता निकालेंगे। बैठक में एसडीएम सौम्य मिश्र भी मौजूद रहे। हालांकि सीआरओ ने अधिवक्ताओं की बात सुनने के बाद कमान खुद संभाल ली।

इस मौके पर महामंत्री शेष तिवारी, उपाध्यक्ष सिविल शहजाद अंसारी, उपाध्यक्ष वीके तिवारी, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, संदीप सिंह, घनश्याम मिश्र, विपिन शुक्ल, अनूप पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह सिंटू मिश्र आदि अधिवक्ता रहे। बतादें शुक्रवार की शाम संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने जिले के डीएम डा. नितिन बंसल से मिलकर एसडीएम पर अधिवक्ता विरोधी गतिविधियों मे लिप्त होने का आरोप लगा रखा है। ज्ञापन के जरिए डीएम से एसडीएम सौम्य को वापस बुलाए जाने की भी मांग उठायी गयी। इस पर डीएम ने शनिवार को सीआरओ को तहसील भेजकर अधिवक्ताओं की शिकायतें सुनने व समाधान के बाबत उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिये।

## मारपीट का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के अझारा गांव निवासी रामबोध सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस सितंबर को शाम छः बजे वह घर पर मौजूद था। इसी बीच गांव के जोखू समेत कुछ आरोपियो ने दरवाजे पर पहुंचकर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियो ने पीडित को मारापीटा। बीचबचाव को पहुंची पीडित की पत्नी के भी साथ आरोपियो ने मारपीट करते हुए दरवाजे पर लगे नल को तोड दिया। आरोपियो ने विरोध करने पर जानलेवा धमकी दी।

## डैमेज निकला बदला गया ट्रान्सफार्मर, परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र कालाकांकर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरस्सापुर में जल निगम का 63 के वी का लगा ट्रान्सफार्मर विगत15-20 दिनों से अचानक जल गया जिसके चलते सैकड़ो घरो को पानी नही मिल पा रहा था ग्राम प्रधान संगीता देबी ने ट्रान्सफार्मर जलने की शिकायत विभाग के अधिकारियों के साथ आन लाइन 1912 पर शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन ट्रान्सफार्मर बदल नही सका जिससे मुरस्सापुर, अहमदगंज, सोनामऊ के ग्रामीणों को पानी न मिलने से हाहाकार मचा हुआ है। गुरुवार को जल निगम का 63 के वी का ट्रान्सफार्मर आने से विभाग ने रात भर ट्रान्सफार्मर को गरम करने में आपूर्ति बंद रखा शुक्रवार की सुबह जब पानी की सप्लाई के लिए ट्रान्सफार्मर चालू किया गया तो बिजली की सप्लाई गायब बता रही थी कर्मचारियों ने काफी प्रयास किया लेकिन बिजली सप्लाई ट्रांसफार्मर से शुरू नही हो सकी जिससे ग्रामीणों को मायूस होना पड़ा। जल निगम की सप्लाई न आने से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्राम प्रधान संगीता देबी ने पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए एसडीओ मानिकपुर अरुण कुमार वैश्य से यथा शीघ्र दूसरा ट्रान्सफार्मर लगवाने के लिए इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

## विद्यालय में चोरी, फीस के उडाये तेरह हजार सात सौ पचास

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पौराणिक देवी धाम इनहन भवानी के समीप कटरा बलीपुर के इन्द्राणी शंकर संस्कृत विद्या निकेतन में अज्ञात चोरों ने बाइस सितंबर की रात ताला तोडकर चोरी की घटना अंजाम दिया। चोरों ने विद्यालय की आलमारी का ताला तोड डाला और छात्र शुल्क के रूप में संग्रह हुई तेरह हजार सात सौ पचास रुपए नकद भी उडा ले गये। चोरों ने कमरे के अंदर तोडफोड करते हुए दरी व टाटपट्टी तथा बाल्टी व अन्य सामान के साथ अभिलेख भी चोरी कर ले गये। शनिवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर आचार्यो ने ताला टूटा देखा तो आवाक रह गये। विद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य राजेश शुक्ल ने चोरी की घटना को लेकर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।

## आजाद हुसैन ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इन्दिरा भवन पर सामाजिक कार्यकर्ता आजाद हुसैन लालगोपालगंज ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। नगर अध्यक्ष इरफान अली एवं जिला कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी ने आजाद हुसैन की कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान फतेह बहादुर सिंह, अब्दुल रहमान, आशुतोष तिवारी, इरषाद खान आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कड़ा में रविदास समाज की बैठक आज

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम में रविवार को संत शिरोमणि रविदास पीठ की बैठक का आयोजन किया गया है पीठ के राष्ट्रीय महामंत्री सतीश गोयल ने बताया कि बैठक में रविदास समाज की मजबूती पर चर्चा की जाएगी कड़ा स्थित आश्रम के जीणोद्धार पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा जल्द ही आश्रम का आधुनिकीकरण कराया जाएगा। इसकी रुपरेखा बनाई जा चुकी है उन्होंने समाज के लोगों से समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जरुरी काम छोड़कर भी लोग समाज की बैठक का हिस्सा बनें। आपस में बैठकर रायशुमारी की जाएगी। तभी समाज और संगठन को मजबूती मिलेगी। बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी इसमें पीठ के राष्ट्रीय व जिलास्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# थाना करारी में डीएम एसपी ने सुनी जनशिकायतें



फरियाद सुनते डीएम एसपी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन के निर्देश पर शनिवार को जिले के संपूर्ण थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है करारी थाना में आयोजित समाधान दिवस पर डीएम एसपी पहुंचे हैं और फरियादियों की समस्याओं को सुना है मौके पर दो शिकायतों को सुनकर डीएम एसपी ने उसका निस्तारण कर दिया है थाना समाधान दिवस के अवसर पर थानेदार राजस्व विभाग के निरीक्षक और कोतवाली के उपनिरीक्षक सहित क्षेत्र के तमाम फरियादी और आम जनता मौजूद रही समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने उपस्थित अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस की शिकायतों पर गुणवत्तापूर्ण न्याय पूर्ण और त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए किसी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना करारी में जनशिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिये थाना करारी में कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये।



## थाना समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**कौशांबी।** शासन के निर्देश पर आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को संबंधित क्षेत्राधिकारी चायल ने सुना और समस्याओं को निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देश दे दिया है पूरे जिले के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया है इसी क्रम में पिपरी थाना में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को क्षेत्राधिकारी चायल श्यामा कांत ने जन समस्याएँ सुन कर निस्तारण का निर्देश दिया इस मौके पर कई फरियादियो ने अपनी समस्याएं क्षेत्राधिकारी के सामने रक्खी इस मौके पर कोतवाल उपनिरीक्षक राजस्व निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



## थाना समाधान दिवस मे कोखराज कोतवाल ने सुनी समस्याएं

**कोखराज कौशांबी।** शासन के निर्देश पर आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को संबंधित थानेदारों ने सुना और समस्याओं को निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देश दे दिया है पूरे जिले के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया है इसी क्रम में कोखराज थाना में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने सुना इस मौके पर 7 फरियादियो ने अपनी समस्याएं कोतवाल के सामने रक्खी। समाधान दिवस की सुनवाई के समय उप निरीक्षक सुमित आनन्द राकेश रॉय अभिषेक राय राकेश कुमार सियाराम चौरसिया एस आई महेन्द्र प्रताप सिंह रितेश कुमार त्रिपाठी, जितेंद्र प्रताप सिंह अभिषेक कुमार यादव लेखपाल साधना सिंह ,पूनम मौर्य ,विनोद कुमार मिश्र लोकनाथ पांडेय ज्ञानसिंह पाल पवनकुमार राय सुमित केसरवानी देवेंद्र सिंह रितेंद्र सिंह दिलीप, कुमार ,,भोला यादव,अश्वनी कुमार शंकरदयाल सिंह लक्ष्मी शंकर पुलिस कांस्टेबल सूरज कुमार अनुपम सिंह आदि लोग मौजूद रहे

### समझौते के बाद फिर झगड़े पर उतारू है दबंग

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पूरे कलापत गांव में बच्चों के विवाद में सामाजिक लोगों ने आपस में समझौता करा दिया था लेकिन उसके बाद दबंग फिर झगड़ा पर उतारू हैं मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने थाना पुलिस से की है थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र के मुताबिक 21 सितंबर को शिवचरण पुत्र संतलाल पासी निवासी पूरे कलापत मजरा चरवा का लड़का और पड़ोस के संजय का लड़का भी खेल रहा था लड़कों के खेल खेल में बच्चों ने मारपीट हो गई थी बच्चों के विवाद के बाद गांव के लोगों के हस्तक्षेप करने से आपस में समझौता हो गया समझौते के बाद 22 सितंबर को फिर शाम को संदीप, अशोक पुत्रगण अज्ञात अजय पुत्र जवाहरलाल लड़ाई झगड़ा की नियत से रामचरण के घर पहुंच गए बच्चों की लड़ाई से खुन्नस खाकर दबंग गाली गलौज देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गए हों हल्ला सुनकर पत्नी बीच-बचाव करके रामचरण को घर के अंदर ले गयी और घर का दरवाजा बंद कर दिया पर अजय ने गर्भवती महिला के पेट में लात से मार दिया जिससे महिला तड़पने लगी। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी है।

## सिंघिया क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियां और पुलिस बनी है तमाशबीन!

**अखंड भारत संदेश**

**सीसीटीवी कैमरे के फुटेज होने के बाद पुलिस ने फुटेज निकालने का नहीं किया प्रयास**

**दर्जनों चोरियां होने के बाद किसी घटना का खुलासा ना होने से आम जनमानस में भय का माहौल**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सिंघिया पुलिस चौकी अंतर्गत रसूलपुर गिरसा तिराहे के आसपास लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोर गिरोह के सदस्य सामान को उठा ले जाते हैं घटनास्थल के आसपास गेस्ट हाउस में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिसमें चोर की शिनाख्त हो सकती है लेकिन किसी भी घटना में पुलिस ने गेस्ट हाउस के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल कर चोर को पकड़ने का प्रयास नहीं किया है। सिंघिया पुलिस चौकी क्षेत्र में कुछ महीने के बीच में दर्जनों चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है जिससे स्थानीय चौकी पुलिस और थाना पुलिस की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है। आम जनता तो यह भी कहने लगी है कि चौकी पुलिस के सिपाहियों का चोर गिरोह से गहरे रिश्ते हो सकते हैं जिससे सब कुछ जानते हुए चौकी पुलिस खुलासा नहीं करना चाहती है। गौतम पुत्र घनश्याम निवासी रामपुर सुहेला ने रसूलपुर गिरसा तिराहे पर बिजली के सामान की दुकान खोल रखी है 22 सितंबर की रात दुकान बंद करके वह घर चले गए जब सुबह आए तो देखा कि में पीछे दीवाल में सेंध करके अंदर घुसे चोर एलसीडी टीवी मोबाइल कवर लीड इनवर्टर बैटरी नगद आदि सामान बेखौफ तरीके से उठा ले गए। पीड़ित ने पुलिस चौकी सिंघिया को लिखित शिकायत दी है इसी पुलिस चौकी क्षेत्र के बिसारा गांव के कमलनाथ पत्र मसुरिया दीन के घर 18 सितंबर की रात घुसे चोर घर से सोने चांदी के जेवर से भरा बक्सा सूटकेस खेत मे उठा ले गए बक्सा सूटकेस में सोने के मंगलसूत्र चांदी की चेन पट्टी पायल मोबाइल कपड़ा नकदी व अन्य सामान रखे थे घर के पीछे सुबह खेत में खाली बक्सा और सूटकेस मिला है जेवर नगदी मोबाइल गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है इसके पहले इसी क्षेत्र में कमलेश कुमार पुत्र जवाहरलाल के गेस्ट हाउस में 02 अगस्त को चार सौर ऊर्जा पैनल सरिया फार्मा आदि सामान चोर उठा ले जाने में कामयाब हो गए थे रामकृपाल तिवारी के ट्यूबवेल की 3 मई को दीवार तोड़कर स्टार्टर केबिल आदि सामान चोर उठा ले गए इसी रात्रि को अरविंद कुमार पुत्र कमला कांत के ट्यूबवेल का दरवाजा तोड़कर स्टार्टर केबिल आदि सामान चोर उठा ले गए। लगातार घटनाएं होती रही और पुलिस तमाशबीन बनी रही। दिलीप के जूनियर हाई स्कूल का हैंड पंप समरसेबल मोटर आदि सामान 5 जून की रात्रि में चोर उठा ले गए लेकिन इस मामले में भी पुलिस कुछ नहीं कर सकी 6 जून को जूनियर हाई स्कूल से गैस सिलेंडर भगोना आदि सामान ले जाने में फिर चोर कामयाब हो गए राजकीय नलकूप बिसारा से 6 मई को स्टार्टर स्विच केबल आदि सामान फिर चोर उठा ले गए। लगातार भुक्तभोगी चौकी पुलिस से शिकायत करते रहे लेकिन किसी भी मामले में पुलिस खुलासे तक नहीं पहुंच सकी। इलाके में चोर गिरोह को को लेकर भय व्याप्त है। गया प्रसाद मौर्या पुत्र छेदी लाल मौर्या रसूलपुर गिरसा के घर से एक कुंटल सरिया 4000 ईट 24 जनवरी 2022 की रात्रि में चोर उठा ले गए मामले की सूचना दिए जाने के बाद आज तक इस घटना का भी खुलासा नहीं हुआ 15 अगस्त 2021 को पूर्व प्रधान छेदीलाल का चार पिलर फार्मा लोहे का चोर उठा ले गए लेकिन घटनाओं का खुलासा करना तो दूर पुलिस ने तमाम घटनाओं का मुकदमा भी नहीं दर्ज किया है जिससे लगातार चौकी पुलिस आला अधिकारियों को घटनाओं से गुमराह करती रही। यह सभी घटनाएं सिंघिया पुलिस चौकी क्षेत्र में घटित हुई और तमाम चोरी की घटनाओं की गतिविधियां गेस्ट हाउस के सीसीटीवी कैमरे में कैद होती रही। सीसीटीवी फुटेज को यदि पुलिस ने गंभीरता से लिया होता तो तमाम घटनाओं का खुलासा होता लेकिन सिंघिया चौकी पुलिस ने खुलासे का प्रयास नहीं किया। लगातार घटनाएं होने के बाद थाना पुलिस और आला अधिकारी भी चौकी पुलिस की लगाम टाइट नहीं कर सके अभी तक पूर्व और वर्तमान लापरवाह चौकी इंचार्ज को निलंबित कर इनकी गतिविधियों की विभागीय जांच भी शुरू नहीं कराई गई है।

# दबंगों के खिलाफ पिपरी थाना में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**पीड़ित युवक मुकदमा पंजीकृत होने के बाद सीओ चायल श्याम कांत की कर रहा भूर-भूरी प्रसंशा**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सीओ चायल श्याम कांत के आदेश पर पिपरी थाना में दो नामजद व दस अज्ञात दबंगों के खिलाफ एससी/ एसटी सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हो गया है। दबंगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत होने के बाद उनके बीच हलचल मच गई है, वहीं पीड़ित युवक और उसके परिजन अब राहत भरी सांस ले रहे हैं। थाना और चौकी में दबंगों के अलावा पीड़ित युवक की एक भी बात नही सुनी जा रही थी। थाना और चौकी से थक हारकर पीड़ित युवक न्याय की आश लेकर सीओ कार्यालय पहुंचा और लिखित शिकायती पत्र दिया। पीड़ितों के प्रति दयालु भाव के धनी सीओ चायल श्याम कांत पीड़ित युवक की शालीनता पूर्वक पूरी बात सुनी और उसके बाद पीड़ित की तहरीर पर पिपरी थानाध्यक्ष को दबंगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर तत्काल गिरफ्तारी का आदेश दिए। दबंगों से पीड़ित युवक और उसके परिजन दबंगों के मुकदमा पंजीकृत हो जाने के बाद सीओ चायल श्याम कांत की भूरी - भूरी प्रसंशा कर रहे हैं। चलौली गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पासी पुत्र स्व भोला प्रसाद का आरोप है कि उसी के गांव के दिनेश सिंह पुत्र प्रदुम्न सिंह उसकी दो पहिया बाइक पर पैर रखकर मिट्टी साफ कर रहा था जिस पर युवक उक्त दबंग व्यक्ति को अदब व सम्मान के साथ मना किया लेकिन युवक की बात दबंग व्यक्ति को अच्छी ना लगी जिससे उसका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया उसके बाद दबंग व्यक्ति युवक को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली - गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारने - पीटने लगा और गांव के दबंग लोगों को फोन कर घटनास्थल पर बुलाया। दबंग के द्वारा फोन करने के बाद कुछ ही समय में आधा दर्जन से अधिक लोग रॉड एवं असलहा लेकर आए और युवक को जान से मारने के लिए दौड़ा लिए। युवक किसी तरह परिचित के घर पहुंचकर दबंगों से अपनी जान बचा ली। परिचित के घर पहुंच जाने पर युवक का पीछा करना कुछ लोग बंद कर दिए लेकिन कुछ लोग युवक के परिचित के घर पर चढ़कर गाली - गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बाहर आने को कहा जिसका वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। क्षेत्रीय एलआईयू इंस्पेक्टर का कहना है मामले की सूचना शासन को दी गई है और असलहा कि जांच कर निरस्तीकरण कि कार्यवाही भी जल्द की जाएगी जिससे दबंगों का मनोबल तोड़ा जा सके।

### दलित बालिका से अभद्रता करने वाले दबंगों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के हब्बू नगर सिपाह के मजरा रामपुर बढनावा की सरिता देवी सरोज के साथ गांव के दबंगों ने मारपीट गाली-गलौज अभद्रता की थी मामले में पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर कड़ा धाम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी को पुलिस पकड़ कर लाई थी रात भर हवालात में रक्खी थी लेकिन उसके बाद आरोपी को थाने से छोड़ दिया गया सूत्रों की माने तो क्षेत्र के ग्राम प्रधान के जरिए आरोपियों ने 25 हजार रुपए चौकी पुलिस तक पहुंचाने के लिए दिया है बताया जाता है कि चौकी पुलिस और ग्राम प्रधान ने आधी आधी रकम बांट लिया उसके बाद आरोपी थाने के हवालात से छूट गए जिससे आरोपी जेल नहीं गए पीड़िता ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दबंगों की गिरफ्तारी कराने की मांग की है।

## कई दिन बीते खेत जोतने वाले दबंगों के खिलाफ नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**एसडीएम सिराथू ने अवैध कब्जा रोकने का पुलिस को दिया था निर्देश**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में रमेश पांडेय आदि की जमीन पर जबरिया अवैध कब्जा किए जाने का प्रयास हो रहा था जिस पर रमेश पांडेय ने उप जिला अधिकारी सिराथू को पत्र देकर अवैध कब्जा रोकने की मांग की एसडीएम ने कोखराज पुलिस को अवैध कब्जा रोकने का निर्देश दिया एसडीएम का निर्देश मिलते हैं कोखराज कोतवाली पुलिस ने टेडीमोड चौकी पुलिस को अवैध कब्जा रोकने का निर्देश दिया लेकिन चौकी पुलिस अवैध कब्जा नहीं रोक सकी और दबंगों ने सारे कानून की धज्जियां उड़ाते हुए दिनदहाड़े रमेश पांडेय आदि की जमीन पर जबरिया कब्जा कर लिया मामले को लेकर रमेश पांडेय एसपी डीएम से मिले अधिकारियों ने कोखराज थाना पुलिस को कार्यवाही का निर्देश दिया लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी जमीन पर कब्जा करने वाले दबंगों पर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है मामले में टेढ़ी मोड़ चौकी इंचार्ज की भूमिका सवालों के घेरे में आरोपी दबंगों से मोटी रकम लेकर उन्होंने रमेश पांडेय आदि की जमीन पर कब्जा कराया है शिकायत पर अधिकारियों के आदेश को कई दिन बीत जाने के बाद भी मामले की जांच और कार्यवाही पूरी नही हो सकी यदि चौकी इंचार्ज टेडीमोड के कारनामों की जांच निष्पक्ष तरीके से हुई तो दबंगों को संरक्षण देने के आरोपों की पुष्टि चौकी पुलिस पर होना तय है।

## दबंगो से आजिज पीडित ने एसपी से लगाई गुहार

**कौशांबी थाना पुलिस पर पक्षपात करने का पीडित ने लगाया आरोप, शिकायत के बाद भी थाना पुलिस ने नही दर्ज की रिपोर्ट**

**कौशांबी।** थाना क्षेत्र कौशाम्बी के ढेकहाई गांव निवासी संदीप कुमार रैदास पुत्र नन्हे लाल ने शुकवार को एसपी से शिकायत करते हुए दबंगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की हैपीडित ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व वह अपने भाई रामधीरज के साथ बाईक से घर वापस रहा था तभी गांव के पास ही रास्ते मे गांव का ही रामकुमार पुत्र हरी लाल मिल गया ,और दोनों भाईयो को रोक लिया रुकने के बाद रामधीरज व रामकुमार से पुरानी बातो को लेकर कहा सुनी होने लगी तो पीडित संदीप ने दोनों को समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया घर पहुँचने के बाद बिपक्षी रामकुमार,उसका भाई राममिलन,हरीलाल सहित आधा दर्जन लोग पीडित के घर चढ आये और गाली गालौज करने लगे,बिरोध करने पर घर मे घुसकर मार पीट करने लगेजिससे संदीप को चोटे आईशोरगुल सुनकर गांव पडोस के लोग मौके पर पहुँच कर मामला किसी तरह से शांत कराया जिससे संदीप,की जान बच सकीदूसरे दिन संदीप मामले की शिकायत लेकर थाने पहुँचा तो पुलिस ने पीडित को ही उल्टा जेल भेजने की धमकी दे डाली शिकायत के बाद कई दिन बाद भी थाना पुलिस पीडित के मामले में कोई कार्य वाही नही कौदूसरी तरफ दबंगो द्वारा पीडित को मारने की लगातार धमकी दी जा रही हैपीडित ने शुकवार को एसपी से मिलकर दबंगों के खिलाफ कार्य वाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### एसडीएम के आदेश पर राजस्व कर्मियों ने जेसीबी से ढहाया अवैध निर्माण



**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ग्राम सभा भैरायें मे अवैध निर्माण को तहसील प्रसाशन ने पुलिस फोर्स का सहारा लेकर जेसीबी से ढहा दिया। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले भैरायें ग्राम सभा की एक महिला ने तहसील दिवस में अवैध निर्माण की शिकायत की थी जिस पर हल्का लेखपाल राजेन्द्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण कर्ता सुरेंद्र पुत्र ननका को अवैध निर्माण करने से रोका तो उसके परिजनों ने अपशब्द कहते हुए भगा दिया हल्का लेखपाल के अनुसार उसकी शिकायत सिराथू एसडीएम से की थी लेखपाल के अनुसार 2018 में तत्कालीन लेखपाल ने आंगनबाड़ी और ऊसर भूमि पर अवैध कब्जाधारियों को बेदखली का आदेश दिया था आज एसडीएम सिराथू के आदेश पर तहसीलदार संतोष कुमार,कानूनगो अंसार अहमद चौकी इंचार्ज अझुवा मय फोर्स तहसील कर्मियों के साथ मौके पर पहुचे और अवैध निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया है।

### राइफल शूटिंग प्रतियोगिता : छात्र छात्राएं हुए रवाना



**कौशाम्बी।** मेरठ में 25 सितम्बर से 27 सितम्बर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कौशाम्बी के 15 छात्र/छात्राएं प्रतिभाग करने रविवार को संगम एक्सप्रेस से मेरठ के लिए रवाना हो गए विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. रामकिरण त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को माला पहनाकर सम्मानित कर विदा किया राज्य स्तर पर मेडल जीतने की समस्त शिक्षक परिवार ने शुभकामनाए दी है।

### पुलिस बैडमिन्टन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन



**कौशाम्बी।** स्पोर्ट स्टेडियम में 25 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता चल रही थी जिसका शनिवार को डीएम एसपी ने समापन किया है और इस मौके पर विजेता खिलाड़ी पुलिस कर्मियों को ट्राफी व प्रमाण पत्र डीएम एसपी ने दिया है। बैडमिन्टन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता प्रयागराज जोन 2022 के समापन के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं एसपी हेमराज मीना द्वारा विजेता पुलिसकर्मियों को ट्राफी एवं प्रमाणपत्र दिया गया है जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन के द्वारा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल के लिए प्रेरित किया है स्पोर्ट स्टेडियम में 25 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस बैडमिन्टन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता चल रही थी।

### अधिक से अधिक पौधारोपण कर धरती को रखना है हरा भरा : राजेंद्र शुक्ला



**कौशांबी।** होमगार्ड कंपनी एक चायल के कंपनी कमांडर राजेंद्र कुमार शुक्ला के नेतृत्व में बिभाग के लोगों ने बालीपुर टाटा के अमृत सरोवर में पौधारोपण किया है इस मौके पर कंपनी कमांडर राजेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि अधिक से अधिक पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा रखना है उन्होंने कहा कि पेड़ से मनुष्य को ऑक्सीजन मिलता है वातावरण शुद्ध होता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पौधारोपण करें। पौधारोपण कार्यक्रम के इस मौके पर होमगार्ड कंपनी के प्लाटून कमांडर राम राज सोनकर व अवधेश नारायण मिश्रा ग्राम प्रधान श्रीमती पुष्पा देवी पति वीरेंद्र कुमार? पत्रकार गणेश साहू बी.डी.सी.श्रीमती शिवकली पति हुकुमचंद रोजगार सेवक बृजेश कुमार ग्राम पंचायत सदस्य ज्ञान सिंह गुलाबचंद विजय कुमार राज कुमार मिठाई लालू दुर्गा प्रसाद शिवेंद्र कुमार अनुराग सोनकर होमगार्ड मूलचंद यादव रणजीत सिंह संतराज पप्पू पाठक वच्छराज रणजीत मूलचंद रघुराज लखनलाल? रामपाल चंद्रजीत सिंह लालचंद चमनलाल दयाशंकर सिंह सितारे लालचंद श्याम लाल अमर सिंह गौतम हीरा लाल होमगार्ड सहित गांव के तमाम लोगों ने ग्राम बलीपुर टाटा के अमृत सरोवर पर पौधारोपण किया है और पौधारोपण के महत्व को बताया है।

### चरवा पुलिस सिर कटी लाश का नहीं लगा सकी सुराग!

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के घूरी गांव के बाहर ससुर खदेरी नदी में निर्वस्त्र महिला का सिर कटा शव पड़ा मिला था।देखते ही देखते मौके पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई थी।सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची चरवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास भी किया था।शिनाख्त कराने में असफलता मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने महिला के सिर को आसपास काफी तलाश भी किया था मगर उसे सफलता नहीं मिली थी।इस सम्बंध में तत्कालीन इंस्पेक्टर संतशरण सिंह ने हत्या का जल्द खुलासा करने का दावा किया था।उनके स्थानांतरण हो जाने के बाद आने वाले इंस्पेक्टरों ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।काफी समय बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं।चरवा पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा नहीं कर पा रही है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी नाराजगी है।

### विद्युत कर्मी हुए बेलगाम हादसे में बाल-बाल बचे समदा के लोग

**कौशांबी।** मंझनपुर क्षेत्र के विद्युत कर्मी इस वक्त बेलगाम हो गए हैं कहीं पर बिजली लो वोल्टेज रहती है तो कहीं पर फेस टू फेस जोड़ दी जाती है जिससे घरों में इलेक्ट्रॉनिक सामान जल जाते हैं एवं करंट उतर जाता है किंतु विद्युत कर्मियों की मनमानी बंद होती नजर नहीं आ रही है। ताजा मामला गणेश नगर समदा का है जहां पर एक पखवाड़े से लगातार बिजली 400 वोल्टेज के ऊपर आती थी जिससे घर पर रखे हुए कूलर पंखे फ्रिज ऐसी जल गए हैं । लोगों का कहना है कि जब पावर हाउस जाया जाता है तो विद्युत कर्मियों द्वारा पैसे की लेनदेन की बात की जाती है जब पैसा दिया जाता है तो बिजली सही चलती हैनहीं तो इसी तरह फेस टू फेस जोड़ दिया जाता है जिससे लोगों का काफी नुकसान होता है। बृहस्पतिवार के दिन समदा चौराहे पर विद्युत कर्मियों की लापरवाही से विद्युत को फेस टू फेस जोड़ दिया गया जिसे समदा चौराहे के लगभग 20 घरों में करंट उतर आया था जिससे सभी लोग घर छोड़कर आनन-फानन में बाहर पलायन कर गए नहीं हो तो हादसा हो जाता ताजा मामला मंझनपुर चौराहे पर स्थित यूनियन बैंक में विद्युत कर्मियों की लापरवाही के चलते फेस टू फेस जोड़ देने से यूनियन बैंक के सारे सिस्टम ध्वस्त हो गए हैं जिससे आज यूनियन बैंक का कार्य ठप हो गया है।

## ब्रिटिश हुकूमत की तरह पुलिस ने कबूल करवाया अपराध!

**फर्जी तरीके से व्यापारी को शराब संग पकड़ा फिर रुपया लेकर छोड़ा**

**भरवारी कौशांबी।** थाना कोखराज अंतर्गत टेडीमोड चौकी के कल्यानपुर बाजार में नरेंद्र कुमार पुत्र रामविशाल निवासी बालक मऊ विगत बीस वर्षो से जनरल स्टोर की दुकान खोलकर परिवार का जीविकोपार्जन चलाते हैं गुरुवार को पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में नरेंद्र पेट्रोल भरवाकर वह आ रहा था तभी एक सिपाही ने उसे रोक कर पूछा की दारू की दुकान कहा पर है उसने कहा कल्यानपुर में है उक्त सिपाही ने कहा हमको भी लेते चलो वहीं पर उतार देना जब दुकानदार ने कहा कि आपकी दुकान वहां है अब आप चले जाए इस पर वह सिपाही उतरकर उसकी बाइक की चाभी लेकर चला गया जिस पर उक्त दुकानदार ने चाभी लेकर जाने का विरोध किया इस पर सिपाही ने कहा कि मुझे चौकी तक छोड़ दो उसने कहा मेरी दुकान खुली पड़ी है मैं नही जा पाऊंगा उस पर उक्त सिपाही ने जबरदस्ती चलने को कहा और उसका मोबाइल भी छीन लिया जिसका उसने विरोध भी किया इसी बीच सिपाही ने चौकी इंचार्ज को भी बुला लिया फिर क्या था मरता क्या न करता उसको पकड़ कर चौकी ले आए जहा मार पीटकर उसकी वीडियो बनानी शुरु कर दी और कहा कि जैसा मैं कह रहा हूं मैं दारू बेचता हु मै दारू संग पकड़ा गया वैसे कहो उस पर ब्यापारी ने आपत्ति जाहिर करते हुए मना कर दिया और बोला की मैं यह सब काम नही करता हू जिस पर पुलिस वालो ने फिर पिटाई कर दिया कहा कि कहो मैं दारू बेचता हू मैं पकड़ा गया ना बोलने पर फिर पिटाई हुई। अन्तोगत्वा उसको मार के आगे अपने को कसूर वार कहना ही पडा। इतने पर खबर कि जानकारी उसके भाई को हो गई वह भी चौकी पहुंच गया और जानकारी लेने की कोशिश की और छोड़ देने की मांग की जिस पर उससे पांच हजार रुपया की मांग किया इतनी रकम देने में असमर्थता व्यक्त की जिस पर उसे भी बद कर दिया तब उसने कहा की मेरे पास दो हजार रुपए है पुलिस ने रुपए लेकर एक फार्म पर साइन करवाकर छोड़ दियाा। इस घटना से व्यापारी नरेंद्र कुमार इतना डरा वा सहमा है कि कल सारा दिन दुकान भी नही खोला।वहां के व्यापारियों ने ईमानदार पुलिस अधीक्षक से चौकी इंचार्ज वा सिपाही सोनू यादव की जांच कर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

### बारिश में कई बीघे धान की फसल हुई खराब किसान चिंतित

**कौशाम्बी।** जिले में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश किसानो के लिए आफत बन कर गिर रही है,लगातार हो रही बारिश से पकने को तैयार खड़ी धान की फसल खराब हो गई है,कई बीघे धान की फसल खेतो मे ही गिर गई है,जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। जिले में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है,लगातार बारिश के चलते खेतो में खड़ी धान की फसल भी अब खराब होने लगी है।किसानो की कई बीघे धान की फसल खेतो में ही गिर गई है,बारिश और है के चलते खेतो में ही धान की फसल गिर गई,जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है,वही किसानो की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन गंभीर नहीं है,जबकि शिकायत किए जाने के बावजूद क्षेत्रीय लेखपाल अपनी मनमानी कर रहे है।

## झूठी रिपोर्ट दे कर अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं लेखपाल!

**अखंड भारत संदेश**

**बडन पुर कादीपुर की बंजर आराजी संख्या 303 पर दबंगो के कब्जे की शिकायत के बाद भी नही खाली हुई सरकारी भूमि**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के बडनपुर कादीपुर ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि बंजर संख्या 303 पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया है मामले की दर्जनों बार शिकायत आला अधिकारियों से हुई लेकिन कब्जा धारक दबंगों से चंद्र रुपए पाकर लेखपाल लगातार अधिकारियों को झूठी कहानी बता कर रिपोर्ट भेजकर गुमराह कर रहा है सरकारी जमीन पर कब्जे को खाली कराने के बाजार कब्जा धारकों को संरक्षण देकर सरकारी जमीन कब्जा कराने वाले लेखपाल के कारनामे को आला अधिकारियों को गंभीरता से लेना होगा और सरकारी जमीन को कब्जा धारकों के कब्जे से मुक्त कराना होगा सिराथू तहसील के बडन पुर कादीपुर गांव की सरकारी आराजी संख्या 303 में सोनम देवी के कब्जे की शिकायत ग्रामीणों ने 24 अगस्त 2022 को जिलाधिकारी से किया था जिस पर उन्होंने एसडीएम सिराथू को कार्यवाही करने का निर्देश दिया था लेकिन डीएम को शिकायती पत्र देने के बाद भी सरकारी भूमि से कब्जा नहीं खाली हो सका है शिकायत के बाद भी सोनम देवी का कब्जा लगातार सरकारी भूमि पर बरकरार है आराजी 302 उन्होंने खरीद किया है खरीद की हुई जमीन पर सोनम देवी पूर्व से काबिज हैं और उसके बाद अपनी खरीदी जमीन के अलावा भी उन्होंने सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया है खरीद की हुई जमीन से अधिक जमीन कब्जा करने वाली सोनम देवी के कब्जे के मामले में लेखपाल बराबर अधिकारियों को गुमराह कर कब्जा धारक सोनम देवी का बचाव कर रहा है लेखपाल का यह कारनामा बेहद गम्भीर है और लेखपाल के इस कारनामे पर आला अधिकारियों ने यदि गंभीरता से जांच कराई तो लेखपाल पर कठोर कार्रवाई होना तय है।

संपादकीय

## अमर बलिदानी, असाधारण महानायक - लाल बहादुर शास्त्री

**आज** भारत में, अधिकांश राजनीतिज्ञों को भ्रष्टाचार का पर्याय माना जाता है, और ज्यादातर तथाकथित नेताओं का उद्देश्य भी, राजनीति के माध्यम से संपन्न होना है, वहीं इस दलदल में एक अनोखा अपवाद थे, लाल बहादुर शास्त्री जी, जिनकी कुबार्नीयां और नैतिक्ता की अमर कहानी पढ़कर, आपकी आँखें नम हो जायेंगी। 2 अक्तूबर 1904 को, उत्तरप्रदेश में वाराणसी के पास मुगलसराय में, एक गरीब अध्यापक पिता शारदा प्रसाद और माता राम दुलारी ने, एक बेटे को जन्म दिया, नाम रखा, 'लाल बहादुर'। लाल बहादुर का जीवन में विषमताओं की प्रचंडता बाल्यकाल से ही शुरू हो गई और आजीवन चली पर इस स्वाभिमानी, दृढ़संकल्पित, साहसी व निडर महानायक ने कभी भी अपने सिद्धांतो से समझौता नहीं किया। अभी दो साल का भी नहीं था कि, लाल बहादुर के पिता का अकास्मिक निधन हो गया। परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा, मां तीनों बच्चों को लेकर, नाना के पास आ गई पर त्रास्दी देखिए, कुछ ही समय बाद, नाना जी का भी देहांत हो गया। इन बड़े झटकों से, लाल बहादुर बिखरे नहीं, अपितु अभाव भरे जीवन में भी असूलों के साथ जीते हुए, निखरते चले गए। लाल बहादुर उर्फ 'नन्हे' का स्कूल गंगा पार था और पार जाने का नाव का किराया था, एक पैसा पर गरीबी से त्रस्त लाल बहादुर के पास पैसे कहां थे, इसलिए वे रोज, गंगा नदी के आधा मील चोड़े पाट को तैरकर, पार करके स्कूल जाते थे, हालांकि उनके दोस्तों ने कई बार उनका किराया भरने को भी कहा पर लाल बहादुर मना कर देता क्योंकि अपने स्वाभिमान, नैतिक्ता और आत्मसम्मान से कोई समझौता करना, इस महामानुष ने सीखा ही नहीं था। 16 वर्ष की आयु में आते-आते, गांधी जी से अत्यंत प्रभावित, पढ़ाई छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े।आंदोलन के दौरान पहली बार जेल गए, बाहर आकर 'शास्त्री' की पढ़ाई की और तब से ही अपने नाम से 'श्रीवास्तव' का त्याग कर 'लाल बहादुर शास्त्री' बन गए। शास्त्री जी, जेल में थे, जेल से अपनी माता को पत्र लिखा कि संस्था की ओर से, 50 रुपये मिल रहे हैं या नहीं और घर का खर्च कैसे चल रहा है ? मां ने पत्र के जवाब में लिखा कि 50 रुपये महीने आ रहे हैं पर हम घर का खर्च 40 रुपये में ही चला लेते हैं, शास्त्री जी ने तुरंत संस्था को पत्र लिखकर कहा कि, आप हमारे घर प्रत्येक महीने 40 रुपये ही भेजें और बाकी के 10 रुपये दूसरे गरीब परिवार को दें। 1927 में मिजार्पुर की ललिता जी से शादी हुई पर भारत मां की आजादी के संग्राम से पीछे नहीं हटे। शास्त्री जी, जेल में थे, बेटी सख्त बीमार, पत्नी सहित सभी शुभचिंतकों ने पैरोल पर रिहा हो बेटी की देखभाल की अपील की पर उस समय पैरोल के लिए अंग्रेजों से माफी मांगना और दुबारा संघर्ष न करने का लिखती माफीनामा देना जरूरी थी। शास्त्री जी ने देशहित में निज हित का त्याग कर, पैरोल नहीं लिया, आखिर अंग्रेज सरकार ने बिना शर्त शास्त्री जी को रिहा कर दिया पर जब शास्त्री जी घर पहुंचे तो, आह ! प्यारी बेटी का देहांत हो चुका था, शास्त्री जी दुखी तो बहुत हुए पर आजादी की लड़ाई में दोगुने जोश से लग गए। देश की आजादी के लिए फिर से जेल गए, भाग्य की विडंबना देखिए, इस बार शास्त्री जी के बेटे को टाईफाईड हो गया, फिर भी शास्त्री जी ने अंग्रेज सरकार के आगे घुटने न टेके तो अंग्रेज सरकार ने एक हफ्ते के लिए उन्हें रिहा कर दिया पर सप्ताह में बेटे का बुखार और बढ़ गया, शास्त्री जी को पता था कि बेटे की कुर्बानी भी तय है पर धन्य थे शास्त्री जी, मैं नतमस्तक हूं आपको और माता ललिता जी को, आप फिर से अपनी दूसरी संतान को भी कुबार्नी कर, मां भारती के लिए जेल चले गए।

## शारदीय नवरात्रि: मातृशक्ति के सम्मान का महापर्व

डॉ. अशोक

**भारत** की सांस्कृतिक चेतना के भव्य और विराट स्वरूप की अभिव्यक्ति हमारे पर्व और त्योहार हैं। यह राष्ट्रीय हर्ष, उल्लास, उमंग और उत्साह के भी प्रतीक हैं। ये देशकाल और परिस्थिति के अनुसार अपने रंग-रूप आकार में भिन्न-भिन्न हो सकते हैं और उन्हें व्यक्त करने के तरीके भी अलग-अलग हो सकते हैं। किंतु उनका सरोकार अंततः मानवीय कल्याण, सुख और आनंद की उपलब्धि अथवा किसी आस्था, विश्वास, परम्परा या संस्कार का संरक्षण ही होता है। इस बार शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ 26 सितंबर अर्थात सोमवार से हो रहा है। शक्ति की उपासना का यह पर्व आत्मसंयमी साधकों को आध्यात्मिक प्रेरणा देने की शक्ति का पर्व समूह है। ऋग्वेद के दसवें मंडल में एक पूरा सूक्त शक्ति की आराधना पर केंद्रित है। इसमें शक्ति की भव्यता का दुर्लभ स्वरूप मुखरित हुआ है- " मैं ही ब्रह्म के दोषियों को मारने के लिए रुद्र का धनुष चलाती हूं। मैं ही सेनाओं को मैदान में लाकर खड़ा करती हूं। मैं ही आकाश और पृथ्वी में सर्वत्र व्याप्त हूं। मैं ही संपूर्ण जगत की अधिकारी हूं। मैं पारब्रह्म को अपने से अभिन्न रूप में जानने वाले पूजनीय देवताओं में प्रधान हूं। संपूर्ण भूतों में मेरा प्रवेश है।" भारतीय परंपरा में मनोयोग पूर्वक की गई शक्ति की साधना आध्यात्मिक कायाकल्प की वैज्ञानिक विधि का ही पर्याय है। इस साधना की समग्र सिद्धि इस बात पर निर्भर करती है कि साधक का मन निष्पाप हो, हृदय निष्कलंक हो और उसकी साधना मानवीय मूल्यों और आदर्शों के लिए समर्पित हो। सनातन हिंदू धर्म में परमेश्वर की तीन महाशक्तियों यथा महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती की अर्चना और आराधना की परंपरा आदिकाल से है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए केवल शास्त्र बल ही नहीं वरन शस्त्र और धन बल भी आवश्यक है। इसीलिए हम विद्या बुद्धि के लिए ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की समर्चना करते हैं तो शक्ति, साहस, शौर्य और पराक्रम के लिए आदि शक्ति मां दुर्गा की अर्चना तो वहीं सुख संपत्ति और ऐश्वर्य के लिए महालक्ष्मी की आराधना करते हैं। मार्कंडेय पुराण का देवी महात्म्य खंड 'दुर्गा सप्तशती' के नाम से जाना जाता है। इसमें मां दुर्गा के तीन चरित्र वर्णित हैं। त्रिगुणात्मक शक्ति के प्रतीक रूप में सत्वगुणात्मिक शक्ति सरस्वती, रजोगुणात्मिका शक्ति के रूप में महालक्ष्मी तथा तमोगुणात्मिकता शक्ति के रूप में महाकाली। तीनों चरित्रों से संबंधित तीन महान शौर्य गाथाएं हैं। प्रथम चरित्र में मधु और कैटभ नामक राक्षसों के वध का विस्तृत वर्णन है।

# एकात्म मानववाद के प्रेरक: पं. दीनदयाल

ललित गर्ग

**पंडित** दीनदयालजी कल भी प्रासंगिक थे, आज भी प्रासंगिक हैं, और आगे भी प्रासंगिक रहेंगे। एकात्म मानववाद तात्कालिक जनसंघ और भाजपा के लिए नहीं, वरण विश्व की मानव सभ्यता और संस्कृति के लिए एक पाथेय है, एक नयी समाज-व्यवस्था का प्रेरक है। एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय बीसवीं सदी के वैचारिक युगपुरुष थे, वे अजातशत्रु थे। उन्होंने भारत के जन-मन-गण को गहराई में आत्मसात करते हुए न केवल वैचारिक क्रांति की बल्कि व्यक्ति-क्रांति के भी प्रेरक बने। उनके दर्शन में आज भारत की संस्कृति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ-साथ मानव को केंद्र-बिंदु में रखकर ही राष्ट्र एवं समाज स्थापना की प्रेरणा मिलती है। पंडित उपाध्याय एक प्रखर विचारक, अर्थचिन्तक, शिक्षाविद्, साहित्यकार, उत्कृष्ट संगठनकर्ता तथा एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी ऐसे अजातशत्रु राष्ट्र-निमार्ता व्यक्तित्व थे जिन्होंने जीवनपर्यन्त अपनी व्यक्तिगत ईमानदारी व सत्यनिष्ठा को महत्त्व दिया। उनकी मान्यता थी कि हिन्दू कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति हैं। उनका जन्म 25 सितम्बर 1916 में मथुरा जिले के छोटे से गांव ह्यनगला चंद्रभानह्ण में हुआ था। तीन वर्ष की उम्र में आपकी माताजी का तथा 7 वर्ष की कोमल उम्र में आपके पिताजी का देहान्त हो गया। वह माता-पिता के प्यार से वंचित हो गये। किन्तु उन्होंने अपने असहनीय दर्द की दिशा को बहुत ही सहजता, सरलता तथा सुन्दरता से लोक कल्याण की ओर मोड़ दिया। आप जीवनपर्यंत परम सत्य की खोज में लगे रहे और लोक कल्याण की भावना से ओतप्रोत जीवन्त साहित्य की रचना की। दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि भारत की आत्मा को समझना है तो उसे राजनीति अथवा अर्थ-नीति के चश्मे से न देखकर सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही देखना होगा। भारतीयता की अभिव्यक्ति राजनीति के द्वारा न होकर उसकी संस्कृति के द्वारा ही होगी। समाज में जो लोग धर्म को बेहद संकुचित दृष्टि से देखते और समझते हैं तथा उसी के अनुकूल व्यवहार करते हैं, उनके लिये पंडित उपाध्याय की दृष्टि को समझना



और भी जरूरी हो जाता है।

पं. दीनदयालजी भारतीय जनता पार्टी के लिए वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। वे मजहब और संप्रदाय के आधार पर भारतीय संस्कृति का विभाजन करने वालों को देश के विभाजन का जिम्मेदार मानते थे। वे हिन्दू राष्ट्रवादी तो थे ही, इसके साथ ही साथ वे भारतीय राजनीति के पुरोधा भी थे। उनकी कार्यक्षमता और परिपूर्णता के गुणों से प्रभावित होकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बड़े गर्व से सम्मानपूर्वक कहते थे कि- ह्ययदि मेरे पास दो दीनदयाल हों, तो मैं भारत का राजनीतिक चेहरा बदल सकता हूं। विलक्षण बुद्धि, सरल व्यक्तित्व एवं नेतृत्व के अनगिनत गुणों के स्वामी पं. उपाध्याय देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने कहा था कि हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारतमाता है, केवल भारत ही नहीं। माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जाएगा। पं. दीनदयालजी को उनकी जो बात उन्हें सबसे अलग करती है तो वह है उनकी सादगीभरी जीवनशैली, सरलता एवं निरंहकारिता। इतना बड़ा नेता होने के बाद भी उन्हें जरा सा भी अहंकार नहीं था। पंडित उपाध्याय की गणना भारतीय महापुरूषों में इसलिये नहीं होती है कि वे किसी खास विचारधारा के थे बल्कि इसलिये होती है कि उन्होंने किसी विचारधारा या दलगत राजनीति से परे रहकर राष्ट्र को सर्वोपरि माना। पंडितजी का जीवन हमें यह हिम्मत देता है - रख हौंसला, वो मंजर भी आयेगा, प्यासे के पास चलकर समंदर भी आयेगा। पण्डित उपाध्याय महान चिंतक एवं विचार मनीषी थे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानव दर्शन जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी। उन्होंने एकात्म मानववाद के दर्शन पर श्रेष्ठ विचार व्यक्त करते हुए साम्यवाद और पूंजीवाद, दोनों की समालोचना की। एकात्म मानववाद में मानव जाति की मूलभूत आवश्यकताओं और सृजित कानूनों के अनुरूप राजनीतिक कार्रवाई हेतु एक वैकल्पिक सन्दर्भ दिया गया है।

भारत का सांस्कृतिक चिंतन ही तात्विक अधिष्ठान प्रस्तुत करता है। भारतीय तात्विक सत्यों का ज्ञान देश और काल से स्वतंत्र है। यह ज्ञान केवल हमारी ही नहीं वरन पूर्ण संसार की प्रगति की दिशा निश्चित करेगा। पंडितजी का चरैवेति-चरैवेति के प्रतीक पुरूष से भरा जीवन उत्साह देता है- थक कर न बैठ, ऐ मंजिल के मुसाफिर, मंजिल भी मिलेगी, और मिलने का मजा भी आयेगा। लोकतंत्र, समानता, राष्ट्रीय स्वतंत्रता तथा विश्व शांति परस्पर संबद्ध कल्पनाएं हैं। किंतु पाश्चात्य राजनीति में इनमें कई बार टकराव हुआ है। समाजवाद और विश्व-शासन के विचार भी इन समस्याओं के समधान के प्रयत्न से उत्पन्न हुए हैं पर वे कुछ नहीं कर पाए। उलटे मूल को धक्का लगाया है और नई समस्याएं पैदा की हैं। दीनदयालजी की दृष्टि में विश्व का ज्ञान हमारी थाती है। मानवजाति का अनुभव हमारी संपति है।

स्व के साक्षात्कार के बिना न तो स्वतंत्रता सार्थक हो सकती और न वो कर्म चेतना ही जागृत हो सकती है, जिसमें परावलंबन और पराभूति का भाव न होकर स्वाधीनता, स्वेच्छा और स्वानुभवजनित सुख हो। विज्ञान किसी देश विशेष की बपौती नहीं। वह हमारे भी अभ्युदय का साधन बनेगा। विश्व-प्रगति के हम केवल द्रष्टा ही नहीं, साधक भी हैं। अतः जहां एक ओर हमारी दृष्टि विश्व की उपलब्धियों पर हो, वहीं दूसरी ओर हम अपने राष्ट्र की मूल प्रकृति, प्रतिभा एवं प्रवृत्ति को पहचानकर अपनी परंपरा और परिस्थिति के अनुरूप भविष्य के विकास-क्रम का निर्धारण करने की अनिवार्यता को भी न भूलें। अज्ञान, अभाव तथा अन्याय की परिस्थितियों को समाप्त करने और सुदृढ़, समृद्ध, सुसंस्कृत एवं सुखी राष्ट्र-जीवन का शुभारंभ सबके द्वारा स्वेच्छा से किए जाने वाले कठोर श्रम तथा सहयोग की आवश्यकता पर वे बल देते हैं। यह महान कार्य राष्ट्र-जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में एक नए नेतृत्व की अपेक्षा रखता है। भारतीय जनसंघ का जन्म इसी अपेक्षा को पूर्ण करने के लिए हुआ है।

**पंडित दीनदयाल कहते हैं कि विश्व को भी यदि हम कुछ सिखा सकते हैं तो उसे अपनी सांस्कृतिक सहिष्णुता एवं कर्तव्य-प्रधान जीवन की भावना की ही शिक्षा दे सकते हैं। आपके विचारों के भाव इन पंक्तियों द्वारा अभिव्यक्त होते हैं- काली रात नहीं लेती है नाम ढलने का, यही तो वक्त है सूरज तेरे निकलने का। आज पंडित उपाध्याय के सपनों का समाज बन रहा है, वह सूरज उदितोदित है, यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पंडित उपाध्याय के एकात्म मानव-दर्शन एवं अंत्योदय के सपने को साकार कर रहे हैं**

दीनदयाल उपाध्याय मूल्यों एवं राष्ट्रीय भावना से जुड़ी पत्रकारिता के पुरोधा थे। उनके अन्दर की पत्रकारिता तब प्रकट हुई जब उन्होंने लखनऊ से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका राष्ट्रधर्म में वर्ष 1940 के दशक में कार्य किया। अपने आर.एस.एस. के कार्यकाल के दौरान उन्होंने एक साप्ताहिक समाचार पत्र पांचजन्य और एक दैनिक समाचार पत्र स्वदेश शुरू किया था। उन्होंने नाटक चंद्रगुप्त मौर्य और हिन्दी में शंकराचार्य की जीवनी लिखी। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की जीवनी का मराठी से हिंदी में अनुवाद किया। उनकी अन्य प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों में सम्राट चंद्रगुप्त, जगतगुरू शंकराचार्य, अखंड भारत क्यों हैं, राष्ट्र जीवन की समस्याएं, राष्ट्र चिंतन और राष्ट्र जीवन की दिशा आदि हैं। पंडित दीनदयाल कहते हैं कि विश्व को भी यदि हम कुछ सिखा सकते हैं तो उसे अपनी सांस्कृतिक सहिष्णुता एवं कर्तव्य-प्रधान जीवन की भावना की ही शिक्षा दे सकते हैं।

आपके विचारों के भाव इन पंक्तियों द्वारा अभिव्यक्त होते हैं- काली रात नहीं लेती है नाम ढलने का, यही तो वक्त है सूरज तेरे निकलने का। आज पंडित उपाध्याय के सपनों का समाज बन रहा है, वह सूरज उदितोदित है, यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पंडित उपाध्याय के एकात्म मानव-दर्शन एवं अंत्योदय के सपने को साकार कर रहे हैं। उनका सपना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति को अपने जीवन पर गर्व हो और वह तेजस्वी स्वर में कह सके कि मुझे भारतीय होने पर गर्व है।

एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित उपाध्याय का मानना था कि अपनी सांस्कृतिक संस्कारों की विरासत के कारण भारतवर्ष विश्व गुरु के स्थान को प्राप्त करेगा। पं. दीनदयाल द्वारा दिया गया मानवीय एकता का मंत्र हम सभी का मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा था कि मनुष्य का शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा ये चारों अंग ठीक रहेंगे तभी मनुष्य को चरम सुख और वैभव की प्राप्ति हो सकती है। मानव की इसी स्वाभाविक प्रवृति को पं. दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद की संज्ञा दी।

# संघ और मुसलमानों में संवाद से दुखी होने वाले कौन

आर.के. सिन्हा

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत आजकल मुस्लिम बुद्धिजीवियों और धर्मगुरुओं से लगातार मिल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख देश में साम्प्रदायिक सौहार्द्र को मजबूत करने के लिए चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने पहले दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल जमीरउद्दीन शाह, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी और कारोबारी सईद शेरवानी जैसे प्रबुद्ध मुसलमानों से मुलाकात की। ये सब मुस्लिम समाज के असरदार नाम हैं। शाहिद सिद्दीकी उर्दू अखबार नई दुनिया के संपादक भी हैं। डॉ. मोहन भागवत ने इनके बाद देश के हजारों इमामों की नुमाइंदगी करने वाले संगठन अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात की। इन मुलाकातों के नतीजे सकारात्मक आए हैं। इस पहल का स्वागत भी हो रहा है। मोहन भागवत ने इन्हें साफ तौर पर कहा कि ह्लहिन्दुओं को स्वाभाविक रूप से यह अपमानजनक लगता है जब उन्हें काफिर कहा जाता है।ह्व मुस्लिम दानिशमंदों ने स्वीकार किया कि यह एक गलत बात है। मोहन भागवत ने मौलाना इलियासी से भगवात जी ने एक घंटे से अधिक वक्त तक बैठक की। मोहन भागवत के साथ संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण गोपाल, राम लाल जी और इंद्रेश कुमार जी भी थे। राम लाल जी पहले बीजेपी के संगठनात्मक सचिव थे जबकि इन्द्रेश कुमार जी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक हैं। मौलाना उमेर इलियासी इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के प्रकांड विद्वान तो हैं ही। खास बात यह है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है ह्लसर्वधर्म समभावह्व। वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं। मोहन भागवत के गोल मस्जिद में आने पर हैरान होने वालों को शायद मालूम न हो कि इसी मस्जिद में श्रीमती इंदिरा गांधी उस दौर में भी आती थीं जब वह देश की प्रधानमंत्री थीं। तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर इलियासी के पिता थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। उन्होंने गोल मस्जिद में हरेक फकीर या भूखे इंसान के लिए भोजन की व्यवस्था की रिवायत शुरू की थी। उसे मौलाना उमेर इलियासी ने अपने वालिद के 2010 में इंतकाल के बाद आगे बढ़ाया। मोहन भागवत कहते हैं कि सभी भारतीयों का डीएनए एक है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों। इसमें उन्होंने क्या गलत कह दिया? कुछ समय पहले उन्होंने कहा था हिंदू-मुस्लिम एकता भ्रामक है, क्योंकि वे अलग-अलग नहीं, बल्कि पहले से एक हैं। पूजा करने के तरीके के आधार पर लोगों में भेद नहीं किया जा सकता। कोई बता दे कि भागवत जी की बात का कहां आधार नहीं है। भारत के लगभग सभी मुसलमान पहले हिन्दू ही थे। उनके रीति-रिवाज अब भी हिन्दू धर्म से ही जुड़े हुए हैं। उन्होंने इस्लाम स्वीकार किया पर वे अपनी हिन्दू धर्म की जातियों को नहीं भूले। वे अब भी अपनी पूर्व की हिन्दू विवाह जाति के आधार पर ही विवाह करते हैं। अल्लामा मोहम्मद इकबाल बार-बार कहते थे कि उनके पुरखे ब्राहमण थे। अल्लामा मोहम्मद इकबाल अपनी कश्मीरी वंशावली और कश्मीरी जड़ों पर बड़ा गर्व करते थे। उनका गोत्र सप्रू था। उनके पिता भी जन्म से हिन्दू थे और उनका नाम रतन लाल सप्रू था। उनका खानदान अपनी जड़ें बीरबल नामक किसी पूर्वज के साथ जोड़ता था। उनका परिवार बाद में स्यालकोट चल गया था। मौलाना उमेर इलियासी कहते हैं कि उनके पुरखे भी हिन्दू थे। वे तो यहां तक कहते हैं कि वे भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनका परिवार करीब दो ढ्ढाई सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार कर चुका है। वे मानते हैं कि इस्लाम का रास्ता सच्चाई, अमन और भाई चारे की तरफ लेकर जाता है। इस्लाम में किसी के लिए कोई नफरत का भाव नहीं है। इस्लाम समता के हक में खड़ा होता है।

देखिए किसी भी मसले का हल संवाद और आपसी बातचीत से ही मुमकिन है। किसी जटिल मसले का हल जंग से तो कभी नहीं हो सकता। इस आलोक में अगर संघ प्रमुख मुसलमानों के खास और असरदार प्रतिनिधियों से मिल रहे हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए। क्योंकि यह ही देश हित में भी है। पर कुछ अज्ञानी लोग ये छोटी सी बात भी समझने के लिए राजी नहीं हैं। उन्हें तो मीन-मेख निकालने का मानो एक मानसिक रोग हो गया है। अब इस तरह के तत्वों का दिया क्या जाए। मोहन भागवत की तरफ से की जा रही बैठकों से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी आग-बबूला हैं। वे कहते हैं, आरएसएस की विचारधारा पूरी दुनिया जानती है और आप जाकर उनसे मिलते हैं। ये जो तबका है कि जो खुद को ज्ञानी समझता है। उन्हें हकीकत से कोई ताल्लुक नहीं है। जमीन पर क्या हो रहा है, उन्हें मालूम नहीं है। आराम से जिंदगी गुजार रहे हैं और आप आरएसएस प्रमुख से मिलते हैं। ये आपका लोकतांत्रिक अधिकार है। मैं सवाल नहीं उठा रहा लेकिन फिर आपका भी अधिकार नहीं है मुझसे सवाल करने का। यानी ओवैसी फैसला कर चुके हैं कि वे आग बुझने नहीं देंगे। ये किसी सियासी नेता को शोभा नहीं देता।

ओवैसी साहब बहुत समझदारी से बयानबाजी करते हैं। मोहन भागवत कह चुके हैं कि भीड़ द्वारा पीट-पीटकर की जाने वाली हत्याओं ( मोब लिंचिंग) में शामिल होने वाले लोग हिंदुत्व के खिलाफ है। यानी उन्होंने मोब लींचिंग का विरोध किया है। पर ओवैसी संघ प्रमुख के इस बयान के लिए उनकी प्रशंसा करने से बच जाते हैं। ये बेशक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि मोहन भागवत के प्रयासों को कुछ चिर असंतुष्ट तत्व शक की नजरों से देख रहे हैं। उन्हें सकारात्मक रवैया अपनाना होगा। उन्हें अपनी गिरेबान में भी झांक लेना चाहिए कि क्या वे लगातार आक्रामक रहकर अपने समाज का भला कर रहे हैं? उन्हें बातचीत के रास्ते हमेशा खुल रखने होंगे। समाज में समरसता के लिए स्पेस रखना होगा। भारत को आगे बढ़ाने के लिए अब हम छोटे-मोटे विवादों में फंसे नहीं रह सकते। भारत की प्राथमिकता दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनना है। उसे अब अर्जुन दृष्टि अपनानी ही होगी। भारत को ओवैसी जैसे अंधेरे की दुनिया में रहने वाले मुसलमानो की तुलना में मौलाना उमेर इलियासी जैसे रोशन ख्याल मुसलमानों की जरूरत है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# आओ समाज में फैली कुरीतियों से बेटियों को बचाएं

किशन भावनानी

**सृष्टि** रचनाकर्ता ने धरातल पर मानवीय लिंग स्त्री पुरुष की रचना कर खूबसूरत जीवन और योनियों को आगे बढ़ाने का सृजन किया तो मेरा मानना है धरातल पर भारत ऐसा अग्रणी देश है जहां स्त्रीलिंग का सम्मान सर्वोपरि किया जाने लगा जो हमें वेदो कतेबों ग्रंथों में पढ़ने को मिल रहा है कि बेटियों को मां लक्ष्मी मां सरस्वती मां दुर्गे मां काली सहित अनेक देवी स्वरूपों में देखा पूजा जाता है और पीढ़ी दर पीढ़ी यह सम्मान बढ़ता चला गया। परंतु समय का चक्र कुछ ऐसा चला कि मानवीय बुद्धि में बेटियां बोझ के रूप में विस्तृत होती गई? और विनाश काले विपरीत बुद्धि की ओर पीढ़ियां ऐसा बढ़ती चली गई कि हमारे बड़े बुजुर्गों के अनुसार तब का सतयुग अब के कलयुग में परिवर्तित होते गया और सामाजिक कुरीतियों ने घर करते हुए बाल विवाह कन्या भ्रूण हत्या महिलाओं पर घरेलू हिंसा दहेज प्रथा और अब बेटियों के साथ बढ़ते दुष्कर्म की विस्तृतता बढ़ती चली गई है, जिसपर नियंत्रण कर उसे रोकने के लिए देश के कानून कायदे नियमों में संशोधन करते हुए नए कानूनबनाए गए, बेटियों विरोधी कार्यकलाप पर प्रतिबंध लगाया गया है जिससे अब अपेक्षाकृत स्थिति में सुधार की ओर कदम बढ़ गए हैं। चूंकि 25 सितंबर 2022 को विश्व बेटी दिवस मनाए हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से बेटियों पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम बेटियों के खास होने की करें तो हम अपनी बेटी को बेटा कह सकते हैं, लेकिन अपने बेटे को कभी बेटी नहीं कहेंगे, यह दशार्ता है कि बेटियां इतनी खास क्यों हैं, एक बेटी का जीवन ज्वलंत यादों से भरा होता है। भले ही उसके पास केवल एक दिल है, पर यह प्यार, करुणा और हर किसी की देखभाल करने की भावना से भरा होता है। परिवार के प्रत्येक सदस्य के साथ उसका रिश्ता अद्वितीय और दोस्ताना होता है परिपक्व होने पर भी वह दूसरों के प्रति अधिक दयालु, देखभाल और सहानुभूति रखती है। वह माँ-बाप बहुत भाग्यशाली होते हैं जिनके जीवन में एक बेटी होती है। भले ही उसके जन्म के समय लोगों ने बेटी होने के नुकसान के बारे में चेतावनी दी हो, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता रहता है, माँ-बाप को अपनी बेटी पर गर्व होने लगता है। शादी के बाद एक बेटा बदल सकता है, लेकिन एक बेटी हमेशा वही रहती है वह कभी भी अपने माता-पिता की उपेक्षा नहीं करती है।बेटियां किसीभी परिवार का एक अहम हिस्सा होती हैं भारत में, बेटियों को देवी लक्ष्मी (धन और समृद्धि की देवता) के रूप में देखा जाता है। प्रत्येक वर्ष बेटियों को विशेष महसूस कराने और अपने जीवन में उनके महत्त्व को समझने-समझाने के लिए एक दिन बेटी दिवस (डॉटर डे) के रूप में मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम बेटीयों के वैश्विक दिन की करे तो, हर साल, सितंबर में अंतिम रविवार को बेटी दिवस के रूप में मनाया जाता है इस साल यह दिन 25 सितंबर 2022 को गया है इस दिन की संकल्पना, एक लड़की पैदा करने और उसे सम्मान देने के खिलाफ सामाजिक कलंक से लड़ने के लिए की गई है डॉटर्स डे के दिन माता-पिता अपनी बेटियों के प्रति अपने प्यार का इजहार करते हैं इस दिनको लोग अपनी लड़कियों को शुभकामनाएं देकर और उपहार साझा करके भी मनाते हैं। साथियों बात अगर हम बेटियों को बचाने समाज में फैली कुरीतियों दुष्कर्म अपराधों की करें तो, भारत में लड़कियों की शिक्षा पर बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है, वर्तमान स्थिति के अनुसार पुरुषों की साक्षरता दर 82 फीसदी की तुलना में महिलाओं की साक्षरता दर लगभग 64 फीसदी है। एक बालिका को शिक्षित करके, हम उसके लिए बड़ा होना और एक सशक्त महिला बनना संभव बना सकते हैं।लड़कियों का पोषण,विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली लड़कियों में कुपोषण, एनीमिया और विटामिन ए की कमी जैसी समस्याएं बहुत गंभीर हैं। कुपोषण के सामान्य कारण पर्याप्त स्वस्थ भोजन और बच्चों की देखभाल की कमी के कारण होते हैं। बाल विवाह, अधिकांश बाल विवाह में कम उम्र की लड़कियां शामिल होती हैं जो गरीब सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित होती हैं।

## संस्कार की परिणति ही राष्ट्रवाद

संजीव

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न द्रष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था । जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे।

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# पूरी दुनिया में मोदी ने बढाया भारत का गौरवः सांसद

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मदिन पर भाजपाइयों ने सेवा पखवाडा के तहत बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार दिव्यांगों को विकास की मुख्य धारा से जोडने को संकल्पित है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर दिव्यांग हर क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बना रहे हैं।

शनिवार को भजन संध्या स्थल सीतापुर में दिव्यांग कल्याण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य व दृष्टि संस्था के निदेशक शंकरलाल गुप्ता प्रगति पथ पर चल रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता शक्तिप्रताप सिंह तोमर ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण




विभाग के सहयोग से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म गरीबों के कल्याण को हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढाने का काम किया है। दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर सहायक उपकरण गांव-गांव कैम्प लगाकर बांटे जा रहे हैं। दृष्टि संस्था के संस्थापक शंकरलाल गुप्ता ने खुद दृष्टिहीन होने के बाद दिव्यांगों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। भाजपा के प्रदेश मंत्री/जिले के प्रभारी मंत्री देवेश कोरी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में दिव्यांग सकलांगों से पीछे नहीं है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार के दिव्यांगों के कल्याण को संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा नेता लवकुश चतुवेर्दी, पंकज अग्रवाल, अश्वनी अवस्थी, दिनेश तिवारी, राजेश्वरी द्विवेदी, ममता तिवारी, आशीष रघुवंशी, जिला दिव्यांग अधिकारी सुश्री प्रतिभा पाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

# विद्यालय विकास में बाधा आने पर करें सम्पर्कः ब्लाक प्रमुख

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर में प्रधान व निकाय के सदस्यों की ब्लाक स्तरीय गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा ने कहा कि विद्यालयों के 19 पैरामीटर के अवशेष कार्य पूरे कराये जायें। कोई समस्या होने पर तत्काल सम्पर्क किया जाये।

शनिवार को ब्लाक स्तरीय गोष्ठी में एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिये कि विभागीय पाठ्यक्रम के साथ बच्चों को अतिरिक्त गतिविधियां कराई जाये, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। वित्त एवं लेखाधिकारी बीएसए पंचानन वर्मा ने सभी प्रधानाध्यापकों को पीएफएमएस पोर्टल से भुगतान की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि इसी पोर्टल से भुगतान किये जायें, ताकि



भुगतान में किसी को परेशानी न हो।

प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला ने प्रधान व प्रधानाध्यापकों से अनुरोध किया कि विद्यालयों में बच्चों की मौजूदगी पर विशेष ध्यान देते हुए विद्यालय में साफ-सफाई का नेतृत्व विद्यालय स्टाफ करें। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य दुर्गेश शुक्ला ने सभी से कहा कि विद्यालय की नकारात्मक बातों की जगह प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों के नये नवाचारों की ओर ध्यान दें। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मानिकपुर ने ग्राम पंचायत निधि में धन के अभाव होने पर मनरेगा से कार्य कराते हुए विद्यालय को 19 पैरामीटर से संतृप्त कराने को कहा। यूनीसेफ बीएमसी के आलोक कुमार ने एक अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर एडीओ पंचायत भूपेन्द्र द्विवेदी, जिला समन्वयक अत्रिप्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, वीरेन्द्र गुप्ता, मिथलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शबरी जलप्रपात का नाम शबरी ही रखें

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रभास महासभा के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने एसडीएम सदर पूजा यादव से भेंटकर मुख्यमंत्री सम्बोधित सौंपे ज्ञापन में कहा कि पाठा क्षेत्र के विख्यात शबरी जलप्रपात का नाम तुलसी प्रपात करने से आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है। आदिवासी समाज की आस्था व सम्मान को ध्यान में रखते हुए शबरी जलप्रपात नाम ही रखा जाये।

शनिवार को प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन



एसडीएम सदर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि पाठा क्षेत्र में शबरी जलप्रपात माता शबरी के नाम पर था। आदिवासी समाज की आस्था का केन्द्र शबरी प्रपात बदलकर तुलसी प्रपात करने से आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है। गोस्वामी तुलसीदास ज्यादातर भारतीयों के आदर्श हैं।

उनके नाम से किसी को परेशानी नहीं है। शबरी जलप्रपात के नाम से विख्यात आदिवासी समाज के लोगों की गहरी आस्था है। ऐसे में शबरी जल प्रपात के नाम परिवर्तन का कोई औचित्य नहीं था। इससे आदिवासी समाज की भावनाओं को ठेंस पहुंची है। लोगों में आक्रोश है। नाम परिवर्तन से भाजपा सरकार की छवि आदिवासी समाज में धूमिल हो रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि माता शबरी की रामभक्ति की महिमा आदिवासी समाज के प्रति उनकी गहरी आस्था को ध्यान में रखते हुए जलप्रपात का नाम पुनः शबरी जलप्रपात किया जाये। इस मौके पर नन्दकिशोर सिंह, आशीष पटेल, शिवपूजन कोल, अजीत कोल आदि मौजूद रहे।

# मानिकपुर में जीवित का बना दिया मृत्यु प्रमाण पत्र

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील से लेकर विकासखण्ड कार्यालय में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का खेल चल रहा है। प्रमाण पत्रों को तहसील में पेशकर लोगों की जमीनें हथियायी जा रही हैं।

इसी तरह का एक मामला मानिकपुर तहसील का प्रकाश में आया है। पहले भी 30 अगस्त को एक मामला सामने आया था। बीरु पुत्र राकेश सिंह का विकासखण्ड के अधिकारियों ने मिलीभगत कर मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिया था।

अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद जांच में इसे फर्जी पाया गया था। चुरेहकेसरुआ गांव के जीवित मोतीलाल को मृत घोषित कर एक महिला उसकी जमीन की वारिश बन गई। मोटी रकम लेकर महिला ने जमीन बेंच दी। एक समाजसेवी ने जब मानिकपुर विकासखण्ड से मृत्यु प्रमाण पत्र की जानकारी मांगी तो आख्या में वह प्रमाण पत्र फर्जी मिला। पीड़ित मोतीलाल ने तहसील न्यायालय में वाद दायर किया है।

एसडीएम मानिकपुर प्रमेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की जांचकर ऐसा करने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। ग्रामीणों के अनुसार इस तरह के मामले सामने आने पर मिलीभगत से किसी का भी फर्जी प्रमाण पत्र तैयार किया जा सकता है।

# विभिन्न संस्थानों में की अग्निशमन उपकरणों की जांच

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव की टीम ने जिले के विभिन्न विद्यालय एवं माल व होटल आदि में अग्निशमन उपकरणों की जांच की। जहां उपकरण नहीं मिले। वहां तत्काल उपकरण लगवाने के निर्देश दिये।

शनिवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव की टीम ने जिले के ज्ञान भारती इंटर कालेज, पालेश्वरनाथ




इंटर कालेज, शान्ती देवी इंटर कालेज, बालिका इंटर कालेज व शहर में संचालित विभिन्न शापिंग माल, गेस्ट हाउस एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान संस्थानों में लगे अग्निशमन उपकरणों की जांच की। जहां उपकरण नहीं मिले, वहां जल्दी उपकरण लगवाने के निर्देश दिये।

उन्होंने आग बुझाने के समय अग्निशमन उपकरण के प्रयोग करने बाबत जानकारी भी दी। इस मौके पर टीम में प्रभारी फायर स्टेशन लालजी मिश्रा, लीडिंग फायर मैन प्रमोद कुमार दुबे, फायर मैन जयंत कुमार व श्याम कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

# पात्र छात्र-छात्राओं को मिलेंगे 12 सौ रुपयेः एबीएसए

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल-शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव के निर्देश पर विकासखण्ड कर्वी के सभी प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कम्पोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक में खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्य योजना बनाई। शनिवार को छत्रपति साहूजी महाराज महिला महाविद्यालय में हुई समीक्षा बैठक में खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने बैठक में मौजूद सभी एआरपी, नोडल शिक्षा संकुल व एसआरजी से विचार साझा किये। खासतौर पर गतिमान निपुण भारत




मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्य योजना बनाई। डीबीटी के तहत सभी पात्र छात्र-छात्राओं को शासन से अनुमन्य 12 सौ रुपये का लाभ दिलाना कायाकल्प के अवशेष कार्यों को पूरा करने की रणनीति बनाई। कम्पोजिट ग्रांट से छोटे-छोटे कार्यों को पूर्ण कराते हुए सुविधाओं को क्रियाशील करने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन, इंस्पायर एवार्ड आवेदन, शिक्षक छात्र के मध्य आत्मीय संबंध विकसित करने, मध्यान्ह भोजन संचालन, खाद्यान्न वितरण आदि बिन्दुओं पर प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों को दिशा-निर्देश दिये।

खण्ड शिक्षाधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों के कार्यों की सराहना की। ऐसे शिक्षकों से प्रेरणा लेने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक विद्यासागर सिंह, प्रधानाध्यापक ऊषारानी त्रिपाठी, इन्द्रेश श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, अशफीलाल सिंह, एआरपी दिलीप सिंह, संतोष साहू, अशोक पठारी आदि शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# भूमि संबंधी मामले मौके पर निपटायेंः डीएम

**अखंड भारत संदेश**
चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने राजापुर थाने में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये।

शनिवार को डीएम-एसपी ने राजापुर थाने में फरियादियों की समस्यायें सुनकर कहा कि सम्पूर्ण




समाधान दिवस व थाना दिवस में जनसुनवाई में जो समस्यायें मिलती हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशानुसार कराया जाये, ताकि शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी मामले पुलिस व राजस्व टीमें मौके पर जाकर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, प्रशिक्षु सीओ राजकमल, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बीएन कुशवाहा, नायब तहसीलदार राजापुर पुष्पेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# इगोर स्टिमैक की खिलाड़ियों से अपील, कहा-सिंगापुर के खिलाफ आत्मविश्वास से खेलें

**नई दिल्ली।** आत्मविश्वास से भरी भारतीय फुटबॉल टीम वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी के थोंग न्हाट स्टेडियम में हंग थिन्ह फ्रेंडली फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडली में सिंगापुर से भिड़ेगी। 10 वर्षों में सिंगापुर के साथ भारत के पहले मुकाबले की पूर्व संध्या पर मुख्य कोच इगोर स्टिमैक आत्मविश्वास से भरे हुए थे। क्रोएशियाई कोच ने कहा कि सिंगापुर ने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति की है, लेकिन भारत में अपने विरोधियों पर काबू पाने की क्षमता है।

उन्होंने कहा,सिंगापुर ने हाल के वर्षों में बड़ी प्रगति की है। उनके पास एक नया कोच है, जिसने सिस्टम में कुछ ऐसे बदलाव किए हैं जो अक्सर विरोधियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर देते हैं। लेकिन मैं अपने खिलाड़ियों से कहूंगा कि उनके खिलाफ आत्मविश्वास से खेलें और दिखाएं कि हमारे पास उनके लिए क्या है। कोच ने कहा, सिंगापुर की टीम विशेष रूप से दबाव में अच्छा खेलती है। मैंने देखा है कि जिस तरह से वे गेंद को पूरी पिच पर घूमाते हैं, उससे प्रतिद्वंद्वियों के लिए काफी मुश्किल होती है। जो उनके लिए फायदेमंद है। 55 वर्षीय कोच को कुछ फिटनेस चुनौतियों के बारे में पता है जिसका उनकी टीम सामना कर रही है। लेकिन साथ ही उनका मानना है कि अंतिम सीटी बजने तक उनके खिलाड़ी पिच पर लड़ने की क्षमता रखते हैं।

कोच ने कहा, हमें इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि उनका फिटनेस स्तर इस समय हमारे से बेहतर है, लेकिन हमें तैयार रहने और अपने मनोबल के साथ मैदान पर उतरने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास तकनीकी क्षमता वाले पर्याप्त खिलाड़ी हैं जो इस तरह के उच्च दबाव से बचने का रास्ता खोज सकते हैं, और बीच में कई खिलाड़ी इसे तंग और कठिन बनाते हैं। लेकिन हम कमजोर पोजीशन पर जगह तलाशेंगे और अपनी योजना के मुताबिक खेलेंगे।

बता दें कि भारतीय टीम जून में एएफसी एशियन कप क्वालीफायर में अपने सफल अभियान के बाद पहली बार एक्शन में दिखाई देगी। एशियन कप में भारतीय टीम ने तीन मैच खेले हैं और सौ प्रतिशत जीत के रिकॉर्ड के साथ तीनों मैच जीते हैं।

कोच ने कहा, 'फुटबॉल एक प्रक्रिया है और हमें धैर्य रखने की जरूरत है। यह एक कड़ी मेहनत वाली प्रक्रिया है जहां आपको यह जानने की जरूरत है कि अंत में वहां पहुंचने के लिए आपको क्या करने की जरूरत है।

स्टिमैक ने जून क्वालीफायर में टीम के प्रदर्शन का भी उल्लेख किया, जो एक सतत प्रक्रिया का परिणाम है जो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम के लिए खुद को साबित करने के लिए शुरू किया गया था।

उन्होंने कहा, हमने लंबी अवधि की योजना के आधार पर शुरुआत की और रातोंरात कुछ भी हासिल करने की उम्मीद नहीं की। हमने सावधानीपूर्वक योजना बनाई, खिलाड़ियों का चयन किया, उन्हें देखा और उन्हें खुद को साबित करने का मौका दिया और फिर राष्ट्रीय टीम की शर्ट दी। तीन साल की प्रक्रिया के बाद, हमारे पास स्थिरता, संयम और निश्चित रूप से तीन साल पहले की तुलना में बेहतर संभावनाएं हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे पास एक बेहतर भविष्य है।

# टीम में अच्छा तालमेल है और यह हमारे प्रदर्शन को दर्शाता है-नेहा गोयल

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की करिश्माई मिडफील्डर नेहा गोयल का मानना है कि बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक, आने वाले स्वर्णिम परिणामों की ओर केवल एक कदम है। टीम के सकारात्मक रुख के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, अगर आप पिछले दो साल में हमारे प्रदर्शन को देखें तो हम दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भले ही कुछ ऐसे मैच हुए हों जहां नतीजे हमारे पक्ष में नहीं हों, लेकिन जिस तरह से, हमने पिछड़ने के बाद वापसी की है, वह केवल एक अनुकूल परिणाम प्राप्त करने की दिशा में एक कदम भर है। उन्होंने टीम के विश्व कप से बाहर होने पर निराशा व्यक्त की, लेकिन जिस तरह से टीम स्पेन के खिलाफ खेली, उसकी तारीफ की। उन्होंने कहा, इस तरह की निराशा से एक टीम के रूप में वापसी करना कभी आसान नहीं होता। हम घरेलू टीम स्पेन से एक गोल से हार गए। लेकिन यह एक झटके से उबरने की टीम की ताकत है। हम खुद से कहते हैं कि हर मैच एक नई शुरुआत है, और हम अंतिम सेकंड तक बेहतर परिणाम के लिए लड़ सकते हैं।

# विशेष-लॉर्ड्स में झूलन गोस्वामी को यादगार विदाई देना चाहेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**लंदन।** महिला क्रिकेट में 'तेज गेंदबाजी' का पर्याय बनने वाली झूलन गोस्वामी शनिवार को लॉर्ड्स में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगी और भारतीय टीम इस मैच को जीतकर अंग्रेजी धरती पर एक ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना चाहेगी।

लॉर्ड्स में एक मैच खेलना एक क्रिकेटर के लिए अंतिम सपना होता है। शतक बनाना या पांच विकेट लेना अलग बात है, लेकिन क्रिकेट के मक्का में शानदार करियर के बाद खेल को अलविदा कहने का मौका कुछ भाग्यशाली खिलाड़ियों को ही मिलता है। सुनील गावस्कर (हालाँकि उन्होंने अपना अंतिम प्रथम श्रेणी मैच यहां खेला था), सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा और ग्लेन मैक्ग्रा जैसे बड़े खिलाड़ियों को भी यह मौका नहीं मिला है। यहां तक कि लगभग 20 वर्षों तक गोस्वामी की सहयोगी रहीं मिताली राज भी क्रिकेट के मैदान से संन्यास नहीं ले सकीं।

लेकिन इसे नियति कहें या योजना, गोस्वामी का आखिरी मैच लॉर्ड्स में हो रहा है। 5 फीट 11 इंच की झूलन जब अपने आखिरी मैच में उस लॉन्ग रूम से गुजरेंगी, जहां एमसीसी के अधिकारी खड़े होंगे और उनकी साथी खिलाड़ी उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' देंगी तो यह पल उनके जीवन का कभी न भूलने वाला पल होगा। सीरीज पहले ही 2-0




की अजेय बढ़त के साथ जीत चुकी है, हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम झूलन को एक उपयुक्त विदाई बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। पिछली बार भारतीय महिलाओं ने इंग्लैंड में 1999 में एकदिवसीय श्रृंखला जीती थी जब गोस्वामी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया था। इसलिए जब वह अपने 204वें और आखिरी मैच में मैदान पर उतरेंगी तो अपने आपको काफी संतुष्ट पाएंगी।

सुदूर पश्चिम बंगाल के एक छोटे से शहर चकदाह से लेकर 'आईसीसी वुमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर' जीतने और 20 साल तक भारतीय तेज आक्रमण को संभालने के बाद जब वह आखिरी बार गेंदबाजी करने उतरेंगी तो उनके जेहन में बहुत सी खट्टी मिठी यादें होंगी। साथ ही वह अपने 353 अंतरराष्ट्रीय विकेटों (सभी प्रारूपों में) में कुछ और अंक भी जोड़ना चाहेंगी, जिससे लॉर्ड्स में उनका आखिरी मैच कभी न भूलने वाला मैच हो जाए।

भारत के लिए पदार्पण करने के बाद भी जब वह चकदह स्टेशन से घर वापस जातीं तो एक खुले वैन रिक्शा में बैठी नजर आतीं। जब वह पहली बार भारत के लिए खेली थी, तब शैफाली वर्मा और ऋचा घोष पैदा भी नहीं हुई थीं और जेमिमाह रोड्रिग्स शायद काफी छोटी थीं। वहीं, हरमनप्रीत एक ऐसी युवा लड़की थीं, जिनकी आंखों में एक क्रिकेटर बनने का सपना था। अब जब वह रिटायर हो रही हैं तो हरमनप्रीत उनकी कप्तान हैं और शैफाली, जेमिमाह, ऋचा और यास्तिका उनकी साथी खिलाड़ी हैं। और हां, वर्तमान में महिलाओं के लिए आईपीएल शुरू होने वाला है, महिला क्रिकेटरों के पास केंद्रीय अनुबंध हैं और उनमें से

*भारत के लिए पदार्पण करने के बाद भी जब वह चकदह स्टेशन से घर वापस जातीं तो एक खुले वैन रिक्शा में बैठी नजर आतीं।*

ज्यादातर मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी चला रही हैं।

वहीं झूलन द्वितीय श्रेणी के डिब्बों में यात्रा करने के संघर्षों, एक कमरे में रहने और कॉमन शौचालयों वाले युवा छात्रावासों से लेकर बिजनेस क्लास यात्रा तक और उचित केंद्रीय अनुबंधों और वित्तीय सुरक्षा के साथ शानदार फाइव-स्टार में रहने के बीच एक सेतु रही है। कोई भी आश्वस्त कर सकता है कि इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी मुकाबले में भी उनकी तीव्रता में कोई कमी नहीं आएगी। एक बात और अब कोई और झूलन गोस्वामी नहीं होगी।

## ब्राजील में बिजली के तारों से उलझा हेलीकॉप्टर, सांसद व डिप्टी मेयर सहित चार की जान बची

**ब्रासीलिया।** ब्राजील में दो राजनेताओं सहित चार लोगों को लेकर जा रहा हेलीकॉप्टर उतरते समय बिजली के तारों से उलझ गया। इससे हेलीकॉप्टर में मौजूद ब्राजीली सांसद एवं डिप्टी मेयर की जान बाल-बाल बची।

ब्राजील मिना गेरियास प्रांत में चुनाव प्रक्रिया चल रही है। वहां ब्राजीली सांसद हर्लिको अरॉजो डिनिज, डिप्टी मेयर डेविड बरोसो कगे साथ चुनाव प्रचार के लिए गए थे। उनके साथ हेलीकॉप्टर में पायलट सहित दो और लोग सवार थे। जिस क्षेत्र में चुनावी सभा होनी थी, उससे कुछ ही दूरी पर हेलीपैड के पास ही बिजली के तार निकल रहे थे। सांसद हर्लिको अरॉजो डिनिज का



हेलीकॉप्टर जब उतरने लगा तो बिजली के तारों में उलझ गया। उड़ते हेलीकॉप्टर के बिजली के तारों की चपेट में आते ही उसमें आग लग गयी। आग लगने पर पायलट से भी हेलीकॉप्टर का नियंत्रण छूट गया। अनियंत्रित हेलीकॉप्टर जमीन पर गिर पड़ा। हेलीकॉप्टर के आग पकड़कर जमीन पर गिरते ही वहां आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े। उनमें से किसी को उम्मीद नहीं थी कि कोई भी हेलीकॉप्टर सवार सुरक्षित बचा होगा। जब लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो चौंक गए। दरअसल हेलीकॉप्टर में सवार 59 साल के सांसद हर्लिको अरॉजो डिनिज और डिप्टी मेयर डेविड बरोसो कगे सहित सभी लोग चमत्कारिक ढंग से बाहर निकल गए थे।

## लीसेस्टर हिंसा के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का ब्रिटेन की गृह मंत्री ने दिया भरोसा

**लंदन।** ब्रिटेन के लीसेस्टर और बर्घिंगम में भड़की हिंसा के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा भारतीय मूल की ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने दिया है। इस संबंध में उन्होंने लीसेस्टर में स्थानीय पुलिस अधिकारियों, हिंदू और मुस्लिम उन्होंने समुदाय के नेताओं से मुलाकात की। सुएल ब्रेवरमैन ने भरोसा दिया कि हाल में हुई सांप्रदायिक झड़पों में शामिल दोषियों को हर हाल में कानून के कटघरे में लाया जाएगा। ऐसे गुनहगारों को कानून की सख्ती का सामना करना पड़ेगा। इन झड़पों को लेकर की जा रही कानूनी कार्रवाई में अब तक 47 आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को पूर्वी इंग्लैंड की यात्रा के दौरान भारतीय मूल की मंत्री को लीसेस्टरशायर के पुलिस प्रमुख, स्थानीय मंदिरों और मस्जिदों के लोगों ने हाल ही में हुई गंभीर अव्यवस्था के बारे में जानकारी दी। सुएला ब्रेवरमैन ने अपनी यात्रा के बाद ट्वीट कर कहा, 'मैंने लीसेस्टरशायर के पुलिस अधिकारियों, लीसेस्टरशायर के अस्थायी मुख्य कांस्टेबल और स्थानीय समुदाय के नेताओं से मुलाकात की और स्थानीय निवासियों की सुरक्षा और लीसेस्टर में सुरक्षा और सद्भाव बहाल करने के लिए की जा रही कार्रवाई पर चर्चा की। सभी लोग इस मसले पर एक साथ मिलकर काम करेंगे।' उन्होंने कहा कि समुदायों और हमारी पुलिस का समर्थन करने के लिए वह सब कुछ करेंगी, जो वह कर सकती हैं। जो लोग सड़कों पर अव्यवस्था फैलाते हैं, उन्हें कानून की पूरी ताकत का सामना करना पड़ेगा और मैं उन सभी बहादुर पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने समाज को सुरक्षित रखने का काम किया।

## रूस और चीन ने किया संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की बड़ी भूमिका का समर्थन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की बड़ी भूमिका को लेकर दुनिया की महाशक्तियां खुल कर समर्थन में आ रही हैं। अब चीन और रूस ने भी संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की बड़ी भूमिका का समर्थन किया है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने के लिए दुनिया भर के नेता जुटे हैं। इसी बीच ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रियों की बैठक में एक साथ मिलकर दुनियावी समस्याओं के समाधान पर चर्चा हुई। पांचों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में जानकारी दी गयी कि बैठक में चीन और रूस ने अंतरराष्ट्रीय मामलों में ब्राजील, भारत और दक्षिण अफ्रीका के महत्व पर चर्चा हुई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की बड़ी भूमिका निभाने की आकांक्षा का समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किये जाने का मजबूत दावेदार है।

# अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रतीकों के लिए समान नीति की सिफारिश, मिलेगी सैनिकों को पगड़ी, दाढ़ी, हिजाब की इजाजत

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति आयोग ने देश के सैनिकों के लिए धार्मिक प्रतीकों के इस्तेमाल को लेकर समान नीति बनाने की सिफारिश की है। सैनिकों को पगड़ी पहनने, दाढ़ी रखने, हिजाब पहनने और यरमुलकेस जैसी धार्मिक आस्था की वस्तुओं के इस्तेमाल के इजाजत को लेकर लगातार मांग उठती रहती है। इसे देखते हुए यह सिफारिश अहम है। इसे स्वीकार किए जाने के बाद सभी अमेरिकी सैनिक अपनी धार्मिक आस्थाओं के मुताबिक इन प्रतीकों का इस्तेमाल कर सकेंगे। एशियाई अमेरिकियों, मूल हवाई लोगों और प्रशांत द्वीप समूह से संबंधित मामलों को लेकर राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग ने शुक्रवार को अपनी आरंभिक रिपोर्ट जारी की। इसमें 12 मई को अनुमोदित सिफारिशों का विवरण दिया गया है। अमेरिकी सैन्य यूनिफॉर्म गाइडलाइंस 1981 के तहत धार्मिक प्रतीकों जैसे पगड़ी, दाढ़ी, हिजाब, और यरमुलकेस को प्रतिबंधित कर दिया गया था। यरमुलकेस , रूढ़िवादी यहूदी



पुरुषों द्वारा सार्वजनिक रूप से पहने जाने वाली एक खोपड़ीनुमा टोपी होती है। अमेरिकी सेना और वायु सेना ने 2017 और 2020 में समान यूनिफॉर्म नीति को को बदल दिया था, ताकि धार्मिक आस्था की इन वस्तुओं की सैनिकों को इस्तेमाल की इजाजत दी जा सके। इसके बाद अमेरिकी सेना व वायुसेना के सैकड़ों जवान अपनी आस्था के अनुरूप चिंहों या प्रतीकों को पहन सकते हैं। लेकिन अमेरिकी नौसेना व नौसैनिकों को बहुत इस मामले में बहुत सीमित अधिकार हैं। इस कारण देश की सेवा के दौरान उन्हें अपनी धार्मिक परंपराओं का उल्लंघन करना पड़ता है। आयोग ने कहा कि अमेरिकी सेना में फिलहाल धार्मिक वस्तुओं के इस्तेमाल की प्रक्रिया और नीति एकसमान नहीं है। इसलिए इसे एकसमान बनाने की सिफारिश की गई है। इन सिफारिशों को अब राष्ट्रपति जो बाइडन को भेजा जाएगा। व्हाइट हाउस के अधिकारी इसे राष्ट्रपति को भेजने के पहले उसकी समीक्षा कर रहे हैं।

## अमेरिका ने अफगानिस्तान से छीना प्रमुख गैर नाटो सहयोगी का दर्जा

**वाशिंगटन** अमेरिका ने अफगानिस्तान से प्रमुख गैर नाटो सहयोगी का दर्जा छीन लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की इस कार्रवाई के बाद अमेरिका से अफगानिस्तान को विशेष मदद के रास्ते बंद हो जाएंगे। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी और तालिबान द्वारा सत्ता संभालने के बाद अमेरिका लगातार अफगानिस्तान से दूरी बढ़ाता जा रहा है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अफगानिस्तान को मिला अमेरिका के प्रमुख गैर नाटो सहयोगी का दर्जा छीन लिया है। अमेरिका ने 1987 में प्रमुख गैर नाटो सहयोगी का दर्जा शुरू किया था। इसके तहत उसने अबतक अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, ब्राजील, कोलंबिया, मिस्र, इजराइल, जापान, जॉर्डन, कुवैत, मोरक्को, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और ट्यूनीशिया और अफगानिस्तान को यह दर्जा दिया था। अब अफगानिस्तान से यह दर्जा वापस किया था। अमेरिका द्वारा प्रमुख गैर नाटो सहयोगी का दर्जा मिलने के बाद अमेरिका और अफगानिस्तान के बीच रक्षा और आर्थिक सहयोग का रास्ता साफ हो गया था। एक



लिए जाने के बाद 18 देश अमेरिका के प्रमुख गैर नाटो सहयोगी रहेंगे। अमेरिका ने 2012 में अफगानिस्तान को प्रमुख गैर नाटो सहयोगी के रूप में नामित प्रमुख गैर नाटो सहयोगी के रूप में अमेरिका अफगानिस्तान को विशेष तौर पर रक्षा क्षेत्र में कई तरह की सुविधाएं व छूट मुहैया कराता था। अब वे सभी रास्ते बंद हो जाएंगे।

## साइबर अपराध के खिलाफ क्वाड देश एकजुट, एक-दूसरे की करेंगे मदद

**न्यूयॉर्क।** साइबर अपराध को रोकने को लेकर क्वाड देशों ने एकजुटता दिखाई है। अब यह देश कार्रवाई में एक-दूसरे की सहायता करेंगे। साइबर अपराध को चुनौती देने के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका एक साथ इसके खिलाफ लड़ेंगे। इन चारों देशो के एक संगठन को क्वाड कहा जाता है।

इस संबंध में इन चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने यहां संयुक्त बयान जारी किया है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों पेनी वोंग, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा और अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन की न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के इतर मुलाकात की।

इस दौरान ही क्वाड देशों ने साइबर अफराध के खिलाफ कदम उठाने का आह्वान किया। संयुक्त बयान में कहा गया है कि हम महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के खिलाफ रैंसमवेयर सहित दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधि




का सामना करने के लिए एक-दूसरे की सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हैं। संयुक्त बयान में इसे कॉल टू एक्शन बताया गया है। विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्वाड देश एक खुले, सुरक्षित, स्थिर, सुलभ और शांतिपूर्ण साइबरस्पेस के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम दृढ़ता से मानते हैं कि इंडो-पैसिफिक देशों की साइबर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए केंद्रित पहल क्षेत्रीय साइबर इन्फ्रॉस्ट्रक्चर की सुरक्षा और लचीलापन सुनिश्चित करेगी।

## भारत का जवाब : अपने कुकर्म छुपाने को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने किया संयुक्त राष्ट्र मंच का दुरुपयोग

**-संयुक्त राष्ट्र आम सभा में भारत ने पाकिस्तान को दिखाया आईना**

**-पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, ध्यान दें दुनिया के देश**

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ में बार-बार कश्मीर मुद्दा उठाने वाले पाकिस्तान को भारत की ओर से करारा जवाब दिया गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा में भारत को लेकर अनर्गल बयानबाजी की तो संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन के प्रथम सचिव मिजिटो विनिटो ने जोरदार जवाब देते हुए कहा कि अपने कुकर्म छुपाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के मंच का दुरुपयोग किया है। संयुक्त राष्ट्र आम सभा की बैठक इन दिनों अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में चल रही है। आम सभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर मसला उठाते हुए भारत को ज्ञान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत को इस संदेश को समझना चाहिए कि भारत और पाकिस्तान, दोनों देश एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। युद्ध कोई समाधान नहीं है और केवल शांतिपूर्ण संवाद ही कश्मीर के मुद्दों को हल कर सकता है। उन्होंने दुनिया को और अधिक शांतिपूर्ण बनाने के लिए कश्मीर मुद्दे के समाधान को जरूरी बताते हुए इस विवाद का हल नहीं होने के लिए भारत को जिम्मेदार बताया था। शहबाज शरीफ की इस अनर्गल बयानबाजी का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन के प्रथम सचिव



मिजिटो विनिटो ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र जैसे मंच की आमसभा में भारत पर झूठे आरोप लगाए। इसे खेदजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने देश में चल रहे कुकर्मों को छिपाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने इस मंच का खुले रूप से दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहने का दावा करने वाले देश कभी भी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा और न ही मुंबई आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को आश्रय देगा। पाकिस्तान को भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने से पहले खुद की काली करतूत के बारे में बताना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के संबंध में कोई भी दावा करने के स्थान पर पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकना चाहिए। विनिटो ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार लगातार जारी है। अल्पसंख्यक समुदाय की हजारों युवा महिलाओं का अपहरण किया जा रहा है। पाकिस्तान में हिंदू, सिख और ईसाई परिवारों की लड़कियों का जबरन अपहरण फिर शादी उसके बाद धर्मांतरण किया जा रहा है। दुनिया के अन्य देशों को इसका संज्ञान लेना चाहिए। यह मानवाधिकारों, अल्पसंख्यक अधिकारों और बुनियादी शालीनता के बारे में चिंता का विषय है। भारतीय उपमहाद्वीप में शांति, सुरक्षा और प्रगति तभी संभव है जब सीमा पार आतंकवाद समाप्त हो जाएगा।

## शेख हसीना ने संयुक्त राष्ट्र में कहा- रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश के लिए गंभीर समस्या

**न्यूयार्क।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश में रोहिंग्या शरणार्थियों के प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की है। शेख हसीना ने संयुक्त राष्ट्र से इस मामले में प्रभावी भूमिका निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रोहिंग्या मुसलमान शरणार्थी बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, सुरक्षा और सामाजिक-राजनीतिक स्थिरता पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं।

शेख हसीना ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77 वें सत्र में कहा- 'बांग्लादेश में लंबे समय से रह रहे रोहिंग्याओं ने अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, सुरक्षा और सामाजिक-राजनीतिक स्थिरता पर गंभीर प्रभाव डाला है।' उन्होंने कहा कि रोहिंग्याओं को लेकर कोई पहल नहीं होने को लेकर सीमा पार से मानव और मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य अपराधों में वृद्धि हुई है। हसीना ने कहा- 'स्थिति संभावित रूप से कट्टरता को बढ़ावा दे सकती है। अगर समस्या आगे बनी रहती है, तो यह क्षेत्र और उससे आगे की सुरक्षा और स्थिरता को प्रभावित कर सकती है। वर्ष 2017 में म्यांमार से बांग्लादेश में रोहिंग्याओं के बड़े पैमाने पर पलायन को याद करते हुए हसीना ने कहा कि नायपीडा और संयुक्त राष्ट्र के साथ जुड़ाव के बावजूद एक भी रोहिंग्या को म्यांमार में उनके पैतृक घरों में वापस नहीं लाया गया। उल्लेखनीय है कि भारत भी इस समस्या से जूझ रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में रोहिंग्या शरणार्थियों का आंकड़ा 40,000 से अधिक है। देश में जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों में इस वक्त रोहिंग्या मुसलमान रहते हैं।

## विहिप ने ब्रिटिश दूतावास पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा बर्मिंघम और लंदन के लेस्टर में हिंदुओं और हिंदू पूजा स्थलों पर हुए हमलों के विरोध में प्रदर्शन किया। विहिप ने इंग्लैंड सरकार से हिंदू परिवारों की सुरक्षा की मांग की है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रदर्शन की अगुवाई की।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बीपीसीएल ने ब्राजील की तेल कंपनी के साथ किया करार

**नई दिल्ली/मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) ने ब्राजील की तेल कंपनी पेट्रोब्रास के साथ करार किया है। बीपीसीएल ने देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए कच्चे तेल की खरीद में विविधता लाने के लिए ब्राजील की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोब्रास के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

बीपीसीएल ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि दोनों कंपनियों के बीच यहां हुए इस समझौते पर बीपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अरुण कुमार सिंह और पेट्रोब्रास के मुख्य कार्यकारी




अधिकारी (सीईओ) कैओ पेस डी एंड्राडे ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन, ब्राजील में भारत के राजदूत और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बीपीसीएल के मुताबिक इस समझौते से दोनों देशों के बीच कच्चे तेल के व्यापार का रिश्ता मजबूत होगा। कंपनी ने बताया कि उसकी सहायक इकाई पेट्रोरिसोर्स लिमिटेड ने ब्राजील में तेल ब्लॉकों के विकास पर 1.6 अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एक फॉर्च्यून 500 कंपनी है, जो देश की तीसरी सबसे बड़ी एकीकृत तेल शोधन और विपणन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है। भारत पेट्रोलियम को सरकार द्वारा नवरत्न का दर्जा हासिल है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी का जासूस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध एक जासूस को गिरफ्तार किया है। उसका नाम पीर मोहम्मद है। वह छद्म नाम समीर के रूप में अपने जानने वालों के बीच प्रचलित था। उसे उत्तर बंगाल के कलिंपोंग से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के डीआईजी निशांत परवेज ने शनिवार शाम इस बारे में बताया है कि उसे कोलकाता ले आने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## चीन के भ्रष्टाचारी अधिकारी को मौत की सजा, 700 करोड़ की रिश्वत लेने का दोषी, जिनपिंग का था विरोधी

**बीजिंग।** चीन की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के दोषी एक और सुरक्षा अधिकारी को मौत की सजा सुनाई है। अधिकारी सन लिजुन अपने पद का गलत इस्तेमाल करने और रिश्वत लेने का दोषी पाया गया था। चीन की अदालत में यह साबित हुआ कि पूर्व मंत्री ने पद पर बने रहने के दौरान करीब 700 करोड़ रुपये(भारतीय रुपये) की रिश्वत ली थी। हालांकि मौत की सजा के क्रियान्वयन के लिए अदालत की तरफ से दो साल की राहत दे दी गई है।

**जिनपिंग के खिलाफ राजनीतिक गुट खड़ा करने का भी आरोप**

सन लिजुन पर जिनपिंग के खिलाफ राजनीतिक गुट खड़ा करने का भी आरोप लग चुका है। इसके अलावा रिश्वत लेने, शेयर बाजार में हेरफेर और अवैध रूप



से आग्नेयास्त्र रखने के भी आरोप हैं। दोषी पाए जाने के बाद लिजुन को सभी राजनीतिक अधिकारों से भी वंचित कर दिया गया। इसके अलावा सभी व्यक्तिगत संपत्ति भी जब्त कर ली गई थी।

**दो और को मौत की सजा**

भ्रष्टाचार के मामले में ही गुरुवार को इसी अदालत ने दो सुरक्षा अधिकारियों को भी मौत की सजा सुनाई थी। पूर्व न्याय मंत्री और चीन के सबसे शक्तिशाली पुलिस प्रमुखों में से एक फू झेंगहुआ को 138 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग में लिप्त होने के लिए दो साल की सजा के साथ मौत की सजा सुनाई गई थी। घंटों बाद, उसी अदालत ने जिआंगसू के पूर्व

> चीन की अदालत में यह साबित हुआ कि पूर्व मंत्री ने पद पर बने रहने के दौरान करीब 700 करोड़ रुपये(भारतीय रुपये) की रिश्वत ली थी।

अधिकारी वांग लाइक को भी इसी तरह की सजा दी। आधिकारिक मीडिया ने यहां बताया कि उन्हें रिश्वतखोरी, आपराधिक गिरोहों से साठगांठ और फर्जी पहचान पत्र के लिए दो साल की सजा के साथ मौत की सजा भी सुनाई गई थी।

## अमेरिका में बोले बिलावल भुट्टो जरदारी, भारत-पाक रिश्तों में सुधार के आसार नहीं

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान इस समय भीषण बाढ़ और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इसलिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से लेकर उनके मंत्रिमंडल के अधिकांश सदस्य दुनिया के सामने मदद के लिए हाथ फैला रहे हैं। इसके बावजूद कश्मीर और भारत को लेकर पाकिस्तान के रवैये में कोई बदलाव नहीं हो रहा है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद मांगने पहुंचे पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाते हुए यहां तक कह दिया कि उन्हें भारत-पाक रिश्तों में सुधार के आसार नहीं लग रहे। न्यूयॉर्क में काउंसिल ऑफ फॉरेन रिलेशंस में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए विश्व समुदाय से गुहार लगाने पहुंचे थे। वहां बाढ़ के हालात के बीच भारत से रिश्तों पर बात करते हुए बिलावल ने कहा कि उन्हें फिलहाल इसकी कोई संभावा नजर नहीं आती। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत ने भी बाढ़ पीड़ितों की मदद की कोई पेशकश नहीं की है। विदेश मंत्री ने दावा किया कि उन्होंने भारत के साथ शांतिपूर्ण माहौल बनाने की कोशिश की है। उनकी पार्टी और उनके प्रधानमंत्री की पार्टी ने भारत के साथ बातचीत की लगातार पैरवी की है, किन्तु भारत अब मूलभूत रूप से बदल चुका है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान का भारत के साथ जुड़ना अविश्वसनीय रूप से मुश्किल हो गया है।